# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025




# लापरवाही की हद पार: मध्यान भोजन में जानबूझकर परोसा कुत्ते का जूठा, फिर लगाया रेबीज का एंटी डोज

पलारी ब्लॉक के ग्राम लच्छनपुर स्थित मिडिल स्कूल में छात्रों को कुत्ते का जूठा भोजन परोसे जाने का मामला सामने आया है। छात्रों ने कुत्ते को सब्जी खाते देखा था, जिसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन को भी दी गई, बावजूद इसके यह भोजन छात्रों को खिलाया गया। घटना 28 जुलाई की है, जब स्कूल के स्व सहायता समूह की महिलाओं ने रोज की तरह भोजन पकाया व लापरवाही बरतते हुए सब्जी के ढक्कन को खुला छोड़ दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अलग खबर

स्कूल परिसर में घूम रहे आवारा कुत्ते सब्जी को खाने लगे। इस पूरी घटना को छात्रों ने देख लिया। इसके बाद इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधक को दी गई। हालांकि स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि हमने भोजन परोसने से मना किया था। बावजूद इसके स्व. सहायता समूह ने कुत्ते का जूठा भोजन छात्रों के बीच परोस दिया गया। इस भोजन को स्कूल के 84 छात्रों ने खा भी लिया।भोजन को खाकर अपने घर पहुंच कर जूठा भोजन खिलाने की जानकारी जब छात्रों ने अपने माता पिता को दी तो अभिभावक मंगलवार को स्कूल पहुंचे और शाला प्रबंधक पर जमकर भड़के व इसकी शिकायत शाला समिति के अध्यक्ष झालेंद्र साहू से भी की। सावधानी के तौर पर छात्रों को एंटी रेबीज डोज लगाने की मांग की। इसके बाद अभिभावक बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर वीणा वर्मा ने 78 बच्चों को एंटी-रेबीज का पहला डोज लगाया है।









**84 छात्रों ने खाया जूठा भोजन :** स्कूल में दर्ज छात्रों की संख्या 234 है। अच्छी बात यह रही कि यह घटना सोमवार को हुई श्रावण सोमवार के चलते कई छात्रों ने उपवास रखा था, तो वहीं कई छात्रों ने कुते का जूठा भोजन जानकर मध्यान भोजन नहीं किया। 84 मासूम छात्रों ने यह भोजन खाया, इसके बाद घर जाकर अपने अभिभावकों को जानकारी दी।

## डीईओ ने किया नोटिस जारी

इस पूरे मामले जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे द्वारा प्रधान पाठक को और संकुल समन्वय को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घटना के 5 दिन बाद तक नहीं हुई कार्रवाई

इस पूरी घटना के 4–5 दिन बीत जाने के बाद भी न मामले की जांच हुई न ही किसी पर कार्रवाई। क्षेत्र का दौरा कर रहे कांग्रेस विधायक संदीप साहू को यह जानकारी जब ग्रामीणों द्वारा दी गई, तो उन्होंने तुरंत इस पर संज्ञान लिया। जिसके बाद पलारी एसडीएम दीपक निकुंज पलारी ने मामले की जांच शुरू की है। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों और शाला समिति के सदस्यों के बयान दर्ज किए। हालांकि, रसोइया समूह के सदस्य जांच में शामिल नहीं हुए हैं। शाम तक प्रारंभिक जांच के आधार पर एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जय लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं को अस्थाई तौर पर हटा दिया है।

## विधायक ने सीएम साय को लिखा पत्र

कसडोल विधायक संदीप साहू ने मामले में कड़ी नाराजगी जाजते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि क्षेत्रीय जनसंपर्क के दौरान उन्हें ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त हुई कि लच्छनपुर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन में भारी लापरवाही बरती गई है। ग्रामीणों के अनुसार बच्चों को परोसे जाने वाला भोजन पहले कुत्तों को खिलाया गया, जिसके बाद उसी भोजन को लगभग 80 से 84 बच्चों को परोसा गया। इस घटना के बाद सभी बच्चों को रेबीज का इंजेक्शन लगवाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले की विशेष जांच दल गठित कर विस्तृत जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### कार चोरी कर लावारिस छोड़ी, धरा गया आरोपी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने एक युवक को कार चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। चोर ने कार मालिक की मां को सर्वे करने आने का झांसा देकर घर से चाबी चोरी कर ली, कार लेकर भाग गया था। कार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मुंगेली निवासी आकाश कार्तिक उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मोनू कार चोरी कर ले जाने के बाद कार को मुंगेली नाका के पास लावारिस हालत में छोड़कर कार के चारों पहिए तथा बैटरी निकालकर बेच दिया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि आकाश कार्तिक पूर्व में कार मालिक शशांक ताम्रकार के यहां ड्राइवर था।

### चाय बेचने वाले किशोर ने की आत्महत्या

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के पीछे 17 वर्षीय किशोर ने पेड़ की डंगाल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नरदहा निवासी सूरज यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। मृतक के पास के किसी तरह का पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूरज स्कूल के पास चाय ठेला लगाता था। पुलिस को सूरज के खुदकुशी करने की जानकारी शुक्रवार सुबह मिली।

### सार्वजनिक जगह गांजा पीते पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित मादक पदार्थों के सेवन पर अंकुश लगाने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुरानी बस्ती, डीडीनगर, आजाद चौक तथा टिकरापारा पुलिस ने पांच लोगों को सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सार्वजनिक जगह गांजा पीने के आरोप में होरीलाल ध्रुव, शेख आजम, देवा साहू, आकाश नायक तथा दिनेश कुमार धीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांचों के खिलाफ 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया है।

## खरीफ सीजन में खेती की गतिविधियां तेज

# खरीफ सीजन में किसानों ने उठाया 5 हजार 900 करोड़ का ऋण, फसल के लिए दी गई 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक मानसून की गतिविधि अनुकूल होने के कारण राज्य में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई से संबंधित काम तेजी पर है। इस बीच सहकारी क्षेत्र से किसानों ने 5 हजार 900 करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। इसके साथ ही किसानों की मांग के अनुरूप खाद भी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का दावा है कि अब तक 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद किसानों में वितरित की जा चुकी है।

राज्य में इस साल मानसून सीजन की खेती के लिए किसान जुटे हुए हैं। खेती किसानी के काम में तेजी के पीछे वजह ये भी कि किसानों को सहकारी सिस्टम से तक 5 हजार 900 करोड़ रुपए ऋण एवं आदान सामग्री के रूप में बांटे गए हैं। किसानों को दिया गया यह कर्ज सहकारी सिस्टम का है। इसमें अन्य बैंकों से दिया गया ऋण शामिल नहीं है। बताया गया है कि इस सीजन में किसानों को 7 हजार 800 करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अनुमान है कि अब तक करीब 12 लाख किसानों ने कर्ज उठाया है। पिछले साल इसी समय तक यह आंकड़ा भी इतना ही था।

## डीएपी का संकट लेकिन अन्य खाद है उपलब्ध



राजधानी रायपुर के सभी ब्लॉक की शासकीय सोसाइटियों में डीएपी की आपूर्ति कर दी गई है, लेकिन इसके बाद भी किसानों को फसल लगाने के अनुसार डीएपी मिल नहीं पा रहा है। इसका कारण सोसाइटियों में खपत के अनुसार कम मात्रा में डीएपी का स्टॉक भेजना बताया जा रहा है। स्टॉक की कमी के कारण सोसाइटी प्रबंधक भी किसानों को उनकी मांग के अनुसार कम डीएपी का वितरण कर रहे हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को कई किसानों से डीएपी को लेकर बातचीत की। इस दौरान किसानों ने बताया कि सोसाइटियों में 50 प्रतिशत किसानों को भी डीएपी मांग के अनुसार वितरण नहीं किया है, जिसके कारण किसानों को बाजार से अधिक मूल्य देकर डीएपी खरीदना पड़ रहा है।

### किसानों में बंटी 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद

खेती के इस सीजन में किसानों को भले ही डीएपी खाद के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, लेकिन सरकार के प्रयास से अन्य खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में 14.62 लाख मीटरिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 14.47 लाख मीटरिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया और किसानों को अब तक 10.91 लाख मीटरिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

### डीएपी नहीं तो नैनो डीएपी हाजिर है

राज्य में डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) के व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी की बड़ी संख्या में भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। राज्य में एनपीके और एसएसपी उर्वरकों के भंडारण और वितरण का लक्ष्य बढ़ाया गया है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को ठोस डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की अनुपातिक मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

### भरा है खाद का भंडार

28 जुलाई 2025 की स्थिति में राज्य में यूरिया 6 लाख 50 हजार 941 मीट्रिक टन, डी.ए.पी. 2 लाख 48 मीट्रिक टन, एन.पी.के. 2 लाख 31 हजार 890 मीट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है। इसी प्रकार पोटाश 77 हजार 976 मीट्रिक टन एवं सुपर फास्फेट 2 लाख 85 हजार 684 मीट्रिक टन, इस प्रकार कुल 14 लाख 46 हजार 539 मीट्रिक टन का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के विरूद्ध अब तक किसानों को 10 लाख 91 हजार 545 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है।

## कोतरारोड थाना क्षेत्र का मामला

# सड़क किनारे बोर्ड से टकराई कार, अडानी कंपनी के डीजीएम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के ढिमरापुर जिंदल रोड में सफेद रंग की एक कार सड़क किनारे बोर्ड से जा टकराई। जिससे कार में सवार अडानी कंपनी के डीजीएम की दर्दनाक मौत हो गई। डीजीएम बनारस के रहने वाले थे। हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। दरअसल शुक्रवार की रात करीब 1 बजे ढिमरापुर के जिंदल रोड स्थित मोड़ के पास कार अचानक अनंयित्रत होकर रोड किनारे जा टकराई।



इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, साथ ही कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। तब रात्रि गश्त पर निकली कोतरारोड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हो जिंदल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के बनारस निवासी सत्यनारायण सिंह पिता मृत्युंजय सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सत्यनारायण सिंह ग्राम बड़े भंडार स्थित अडानी कंपनी में डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस जांच में एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें डीजीएम की कार ढिमरापुर के जिंदल रोड में बोर्ड से टकराते हुए दिख रही है। बहरहाल यह हादसा कैसे हुआ इसकी सच्चाई जानने के लिए कोतरा रोड पुलिस मर्ग कायम करते हुए तहकीकात कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# 2 लाख के ईनामी मिलिशिया कमाण्डर पोड़ियाम नंदा समेत 8 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/कोंटा

बीते 24 घंटे के अंतराल में सुरक्षाबलों ने सुकमा जिला स्थित अचकट के जगंल व गोगुण्डा पहाड़ से आठ नक्सलियों को आईईडी बम व विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में 2 लाख का ईनामी गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया कमाण्डर पोड़ियाम नंदा भी शामिल है। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर थाना जगरगुण्डा से निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा व नरसापुरम कैम्प से 226 बटालियन के सहायक कमाण्डेन्ट अंशुल मिश्रा व थाना चिंतलनार से 74 बटालियन के सहायक कमाण्डेन्ट सुमन सौरभ के नेतृत्व में संयुक्त टीम अचकट के जंगल की ओर एरिया डोमिनेशन व नक्सली आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया टिफिन आईईडी बम बरामद कर मौके पर निष्क्रिय किया गया। वहीं जंगल में मौजूद 5 नक्सलियों को टिफिन बम व दूसरे छोर में बैटरी लगा हुआ बरामद किया गया।

## गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से टिफिन आईईडी बम, जिलेटिन और अन्य विस्फोटक बरामद





### गिरफ्तार नक्सलियों में यह शामिल

2 लाख का ईनामी गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया कमाण्डर पोड़ियाम (40) मिलिशिया मेंबर हेमला जोगा (28), निवासी गोगुण्डा इंतापारा तथा हेमला गंगा (45) शामिल है। वहीं जगरगुण्डा थाना क्षेत्र स्थित अचकट के जंगल से गिरफ्तार नक्सलियों में माओवादी संगठन बेड़मा आरपीसी अन्तर्गत हिड़मा गांव के मिलिशिया मेंबर निवासी दोड़हिड़मा किसकेपारा थाना जगरगुण्डा हेमला मुया (35), कवासी नंदा (32), हेमला देवा (45), मुचाकी जोगा तथा वेट्टी भीमा (20) शामिल है।

## दूसरे देशों में नारियल के निर्यात होने का बड़ा असर

# पहली बार नारियल के दाम डबल तेल की कीमत भी 50 फीसदी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर



नारियल के उत्पादन के मामले में भारत विश्व में पहले स्थान पर है। ऐसे में आमतौर पर अपने देश में नारियल के दाम हमेशा से ही कम रहते हैं। अपने प्रदेश में नारियल की कीमत थोक में 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 15 से 20 रुपए ही रहती है। पहली बार नारियल के दाम थोक में 22 से 25 रुपए और चिल्हर में 30 से 35 रुपए हो गए हैं। इसी के साथ नारियल तेल की कीमत भी 50 फीसदी तक बढ़ गई है। जो नारियल तेल पहले 400 रुपए लीटर था, वह अब 600 रुपए लीटर हो गया है। इसका कारण अपने देश से नारियल का दूसरे देशों में निर्यात होना है।

अपने देश में सबसे ज्यादा नारियल का उत्पादन दक्षिण के राज्यों कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में होता है। उत्पादन का करीब 90 फीसदी हिस्सा इन्हीं राज्यों के हिस्से में आता है। छत्तीसगढ़ में भी नारियल कर्नाटक और आंध्रप्रदेश से आता है। नारियल की खपत अपने राज्य में भी बहुत ज्यादा है। त्योहारी सीजन में इसकी खपत में बहुत इजाफा हो जाता है। सामान्य दिनों की तुलना में त्योहारी सीजन में खपत करीब-करीब डबल हो जाती है। ऐसा ही दूसे राज्यों में होता है। यही वजह है त्योहरी सीजन में दाम थोड़े ज्यादा हो जाते हैं, लेकिन पहली बार त्योहारी सीजन के पहले दाम ज्यादा हो गए हैं।

### दूसरे देशों में निर्यात का असर

भारत में नारियल का उत्पादन बहुत ज्यादा होने के कारण इसकी मांग दूसरे देशों में भी बहुत रहती है। केंद्र सरकार ने नारियल के निर्यात की छूट दी है तो अब अमेरिका, चीन, बांगलादेश सहित कई देशों में भारत से नारियल जा रहा है। इसके कारण इसके दाम बढ़ गए हैं।

### कीमत आसमान पर

आमतौर पर अपने राज्य में नारियल के दाम थोक में 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 15 से 20 रुपए के आस-पास ही रहते हैं। लेकिन पहली बार ऐसा हो रहा है कि नारियल के दाम आसमान पर चले गए हैं। इस समय नारियल थोक बाजार में 22 से 25 रुपए और चिल्हर बाजार 30 से 35 रुपए में मिल रहा है। जो नारियल तेल पहले 400 लीटर में बिक रहा था, उसके दाम 50 फीसदी बढ़कर अब 600 रुपए लीटर हो गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक पहले कभी इतने दाम नहीं बढ़े थे। आमतौर पर नारियल तेल के दाम 400 से 450 रुपए तक ही रहते हैं। जब नारियल के दाम थोड़े बढ़ते हैं यानी नारियल कभी 25 रुपए तक पहुंचता है तो नारियल तेल के दाम थोड़े से बढ़ते हैं, लेकिन अब तक दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं।

### तेल के दाम भी बढ़े

नारियल की कीमत बढ़ने के कारण नारियल तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। पहले कभी नारियल और नारियल तेल की कीमत इतनी नहीं रही है।

\- प्रेम पाहुजा
अध्यक्ष, डूमरतराई थोक व्यापारी संघ




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, रविवार 3 अगस्त 2025


# हरिभूमि-आईएनएच का ज्ञान धारा शिक्षा संवाद आज, सीएम साय समेत प्रख्यात शिक्षाविद् होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

हरिभूमि और आईएनएच का एक बड़ा आयोजन ज्ञान धारा शिक्षा संवाद कार्यक्रम रविवार शाम को पांच बजे होटल बेबीलोन कैपिटल में होगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। ज्ञान धारा में चार सत्र होंगे। इन चार सत्रों में शिक्षाविद प्रदेश की स्कूली और उच्च शिक्षा पर संवाद और मंथन करेंगे। आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा शामिल होंगे। इसी के साथ स्कूली और उच्च शिक्षा पर मंथन के लिए अलग-अलग वक्तओं ▶▶| शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे मुख्य अतिथि, प्रदेशभर के शिक्षाविद् करेंगे शिरकत

### शिक्षा के साथ संस्कार पर होगा मंथन

ज्ञान धारा कार्यक्रम में न केवल वर्तमान और भविष्य की शिक्षा पर संवाद होगा बल्कि सामाजिक संस्कार और नागरिक निर्माण में स्कूलों की भूमिका पर मंथन भी होगा। इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के सचिव संजय जोशी, दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्राचार्य यशपाल शर्मा, कृष्णा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन आशुतोष त्रिपाठी, राजकुमार कॉलेज के प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह, रूंगटा ग्रुप के चेयनमैन संजय रूंगटा के साथ संवाद होगा।

### उत्कृष्ट शिक्षकों का होगा सम्मान



### भविष्य की उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा पर मंथन होगा। इसमें विषय विशेषज्ञ के निजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, वाइस चांसलर रूंगटा ग्लोबल यूनिवर्सिटी के डा. जवाहर सूरीसेट्टी, वाइस चांसलर अंजनेय यूनिवर्सिटी डॉ. टी. रामा राव, रजिस्टार सीवी रमन यूनिवर्सिटी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालयों की भूमिका पर मंथन

छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। निजी विवि की भूमिका पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला, मैटस यूनिवर्सिटी के चांसलर गजराज पगारिया, रूंगटा ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर संतोष रूंगटा, शंकराचार्य के चेयरमैन आईपी मिश्रा, नियामक आयोग के अध्यक्ष वीके गोयल के साथ चर्चा होगी।






## खबर संक्षेप

### नीट पीजी आज, एडमिट कार्ड के बिना नो एंट्री



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज 3 अगस्त को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर यानी नीट पीजी 2025 का आयोजन करेगा। ये परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। छात्रों को निर्धारित समय से कम से कम एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।

### एनआईए ने 18 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने शनिवार को बजरंग दल के सदस्य सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में कर्नाटक के विभिन्न जिलों में 18 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। एनआईए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि शेट्टी पर इस साल मई में मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में आरोपी अब्दुल सफवान और अन्य लोगों ने घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हमला किया और उनकी हत्या कर दी। इसमें कहा गया है कि हत्या का उद्देश्य समाज में आतंक फैलाना था।

### अभिनेत्री रम्या को धमकी, दो गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** मांड्या की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री रम्या को अश्लील संदेश भेजने और 'बलात्कार एवं जान से मारने की धमकी' देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने शनिवार को दी। ये गिरफ्तारियां इस सप्ताह की शुरुआत में रम्या द्वारा दर्ज करायी गई एक शिकायत के आधार पर की गईं।

### उपद्रवी यात्री इंडिगो में नहीं कर सकेगा यात्रा

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने शुक्रवार को मुंबई-कोलकाता उड़ान में एक सह-यात्री को थप्पड़ मारने वाले यात्री पर उड़ान प्रतिबंध लगा दिया है।यह घटना उड़ान संख्या 6ई138 में हुई और विमान उतरने के बाद आरोपी को कोलकाता हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों को सौंप दिया गया। आरोपी को उद्दंड भी घोषित किया गया। एयरलाइन ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उचित जांच के बाद, उपद्रवी ग्राहक से जुड़ी घटना के बारे में औपचारिक रूप से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया गया है।

## एनआईए कोर्ट ने मंजूर की याचिका, धर्मांतरण और मानव तस्करी का आरोप

# दो नन समेत तीन को सशर्त जमानत, नहीं छोड़ सकते देश, पासपोर्ट करना होगा सरेंडर

**मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में गिरफ्तार केरल की दो ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को छत्तीसगढ़ की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का जेल के बाहर केरल के कई नेताओं ने स्वागत किया। जेल से बाहर निकलने के बाद दोनों नन भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के साथ एक वाहन में वहां से चली गईं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

केरल की दो ननों और एक पुरुष की जमानत याचिका को बिलासपुर के एनआईए कोर्ट ने शनिवार को मंजूर कर लिया है। इससे पहले शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इस केस की सुनवाई प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज सिराजुद्दीन कुरैशी के कोर्ट में हुई।

गौरतलब है कि दुर्ग रेलवे स्टेशन पर बजरंग दल की शिकायत पर 25 जुलाई को आरपीएफ ने नन प्रीति मैरी, वंदना फ्रांसिस और सुकमन मंडावी को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि, ये तीनों नारायणपुर की लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण के लिए ले जा रही थीं। तीनों की जमानत याचिका पर दुर्ग के सेशन कोर्ट ने अधिकार क्षेत्र का हवाला देते हुए सुनवाई से इंकार कर दिया था। इसके बाद तीनों ने एडवोकेट अमृतो दास के जरिए बिलासपुर एनआईए के स्पेशल कोर्ट में जमानत याचिका लगाई। याचिका में कहा गया कि धर्मांतरण का आरोप निराधार है, क्योंकि युवतियां कई सालों से ईसाई धर्म मान रही हैं। इसी तरह मानव ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बजरंग दल की शिकायत पर दुर्ग के रेलवे स्टेशन से हुई थी गिरफ्तारी



नन की रिहाई के बाद केरल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने किया स्वागत



### जमानत दी, जारी रहेगी जांच

सरकार और एनआईए के एडवोकेट दाऊराम चंद्रवंशी ने बताया कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें धोखे, लालच, जबरदस्ती या बलपूर्वक लोगों को उनके घर या देश से दूर ले जाकर उनका शोषण किया जाता है। इसमें जबरन मजदूरी कराना, यौन शोषण/वेश्यावृत्ति, अंग व्यापार और शादी के लिए तस्करी होती है। यह नॉन-बेलेबल मामला है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दोपहर 3 बजे जेल से छूटे

बताया गया है कि एनआईए कोर्ट से जमानत मिलने के बाद तुरंत आदेश दुर्ग सेंट्रल में पहुंचते ही दो नन और युवक दोपहर 3 बजे जेल छूट गए। अपने निवास जाने के लिए निकले। इनके साथ मसीह समाज के लोग भी मौजूद थे। इस दौरान जेल के बाहर केरल से पहुंचे ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बैज ने कहा- ननों की जमानत सत्य की जीत

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, एनआईए कोर्ट से ननों की जमानत से सच्चाई की जीत हुई। भाजपा ने अपने राजनीतिक प्रोपोगंडा के लिए बेकसूर ननों को गिरफ्तार किया था। ननों पर तीन महिलाओं के धर्मांतरण एवं मानव तस्करी का आरोप लगाया गया है, जबकि हकीकत यह है कि जिन तीन महिलाओं को लेकर जा रही थीं, वे सभी बालिग हैं तथा अपने परिजनों की सहमति से नौकरी के लिए जा रही थीं। जिन तीन महिलाओं को ननों के साथ पकड़ा गया था, उनमें से एक ने बयान दिया कि बजरंग दल के लोगों ने मारा-पीटा और धमकाया। हम लोग स्वेच्छा से नौकरी के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### केरल के राजनीतिक दलों ने जमानत का किया स्वागत

**तिरुवनंतपुरम/त्रिशूर।** केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा विपक्षी 'यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' और एक प्रमुख कैथोलिक निकाय ने छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपों में गिरफ्तार की गई दो ननों को जमानत दिए जाने का शनिवार को स्वागत किया। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक' पर पोस्ट में इस घटनाक्रम को 'संतोषजनक' बताया, लेकिन साथ ही कहा कि ननों की गिरफ्तारी के पीछे की राजनीतिक मंशा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। भारतीय कैथोलिक बिशप सम्मेलन (सीबीसीआई) के अध्यक्ष एवं त्रिशूर के आर्कबिशप एंड्रयूज थजथ कहा कि उन्हें खुशी है कि ननों को जमानत मिल गई। साथ ही उन्होंने दावा किया कि कुछ लोगों द्वारा झूठे आरोप लगाए जाने के बाद ननों को गिरफ्तार किया गया था, इसलिए उनके खिलाफ मामला जल्द से जल्द रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने त्रिशूर में संवाददाताओं से कहा, "इसलिए, इसके लिए संबंधित सरकारों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

### रेप केस, 10 लाख रुपए का जुर्माना भी

## पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते रेवन्ना को उम्रकैद की सजा



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता और पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बेंगलूरु की विशेष अदालद ने घरेलू सहायिका से रेप के मामले में प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को 7 लाख रुपए का हरजाना भी देने का आदेश दिया है। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को अदालत ने इस मामले में प्रज्वल रेवन्ना को दोषी करार दिया था। न्यायाधीश गजानन भट ने रेवन्ना को उम्र कैद की सजा सुनाते ▶▶| शेष पेज 4 पर

### अश्लील वीडियो सामने आने के बाद हुई थी गिरफ्तारी

ये मामले तब सामने आए थे, जब प्रज्वल से कथित तौर पर जुड़े अश्लील वीडियो हासन में 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रसारित हुए थे। एसआईटी ने होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में प्रज्वल को पिछले साल 31 मई को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह जर्मनी से लौटे थे। प्रज्वल 2024 के लोकसभा चुनाव में हासन संसदीय क्षेत्र से हार गए थे, बाद में जद (एस) ने उसे पार्टी से निलंबित कर दिया था।

### 18 जुलाई को ही पूरी हो गई थी सुनवाई

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान प्रज्वल स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखाई दिया और जब न्यायाधीश ने उसे दोषी करार दिया, तो वह कथित तौर पर रो पड़ा था. मामले की सुनवाई 18 जुलाई को पूरी हो गई थी। फैसला 30 जुलाई के लिए सुरक्षित रखा गया था। हालांकि, न्यायाधीश ने मोबाइल लोकेशन डेटा और अन्य तकनीकी साक्ष्यों पर स्पष्टीकरण मांगते हुए फैसला शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया था।

## सालों पुराने रिकार्डों को चट कर गई दीमक, टूट रहीं फाइलें, कागज बन गए मिट्टी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

राजधानी रायपुर के पुराने तहसील कार्यालय में सालों पुराने रखे राजस्व संबंधी रिकार्डों को अब नर्सिंग हॉस्टल स्थित तहसील कार्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। रिकार्डों की शिफ्टिंग के दौरान राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही भी उजागर हुई है। तहसील के रिकार्ड रूम से लेकर तहसीलदारों के दफ्तरों की आलमारियों में रखे खतौनी डायरियां सहित अन्य रिकार्डों को दीमक चट कर गए हैं। वहीं कई रिकार्ड सड़-गलकर फट गए हैं, जिससे रिकार्ड में लिखे विवरण के नामो निशान मिट गए हैं। एक ओर जहां इन रिकार्डों को सहेज कर रखने में राजस्व विभाग नाकाम रहा है, वहीं दूसरी ओर इन रिकार्डों को शिफ्ट करने के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है। कूड़े-कचरे की तरह इन रिकार्डों को ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नकल निकलाने में छूटेगा पसीना

तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम में रखे राजस्व संबंधी कई रिकार्ड भी खराब हो गए हैं, वहीं इन रिकार्डों को वर्ष के अनुसार जमाया नहीं गया है। ऐसे में इन रिकार्डों का नकल निकालना आसान नहीं होगा। नकल देने में कर्मचारियों का पसीना छूटेगा, वहीं नकल नहीं निकलने से न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों की सुनवाई में भी इसका असर पड़ेगा, क्योंकि कई प्रकरणों में पक्षकारों से रिकार्ड मांगा जाता है। बगैर रिकार्ड के सुनवाई में फैसला भी नहीं आ पाएगा।

### रिकार्ड नहीं मिलने से लोगों के अटकेंगे कई काम

रिकार्ड रूम और दफ्तरों की आलमारी में रखे रिकार्ड जो पूरी तरह से नष्ट हो गए है। इन रिकार्डों के कारण लोगों के कई तरह के काम भी अटकेंगे, क्योंकि इन रिकार्ड में भूमि स्वामी, संपत्ति स्वामी, कृषि भूमि से संबंधित रिकार्ड, ग्राम पंचायतों के रिकार्ड, भूमि-धारण अधिकारों के रिकार्ड भी है। इन रिकार्डों के नहीं मिलने से संपत्ति की खरीदी-बिक्री, नामांतरण, सीमांकन, बटांकन सहित कई तरह के काम भी नहीं हो पाएंगे।

### दो दिन से चल रहा अभियान

## कुलगाम में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ शनिवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के वन क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद रात में दोनों के बीच मुठभेड़ शुरु हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद रात में अभियान को रोक दिया गया था।

### कितने आतंकी अभी स्पष्ट नहीं

कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुक्रवार रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### कर्नाटक का रिटायर क्लर्क निकला करोड़पति

## सैलरी 15,000 लेकिन 24 घर और 30 करोड़ की प्रॉपर्टी!

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लोकायुक्त अधिकारियों ने कर्नाटक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड के एक पूर्व क्लर्क के घर पर छापा मारा और 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेहिसाब संपत्ति पाई। अधिकारियों को पता चला कि कोप्पल में काम करने वाले और 15,000 रुपए मासिक वेतन वाले कलकप्पा निदागुंडी के पास 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ खेती की जमीन थी। छापेमारी के दौरान चार वाहन, 350 ग्राम सोना और 1.5 किलोग्राम चांदी भी बरामद की गई। ये संपत्तियां उनके, ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 8 अफसरों के 41 ठिकानों पर छापे

23 जुलाई को आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में एक आईएएस अधिकारी सहित आठ अधिकारियों से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। इनसे 37.42 करोड़ रुपए की संपत्ति बरामद की। ये छापे बेंगलुरु शहरी, मैसूरु, तुमकुरु, कलबुर्गी, कोप्पल और कोडागु जिलों में तैनात अधिकारियों से जुड़े 41 ठिकानों पर मारे गए।

### आईएएस अफसर निकलीं करोड़पति


इनमें सबसे अहम नाम है आईएएस वसंती अमर बी वी का, जो इस वक्त कर्नाटक रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी में स्पेशल डिप्टी कमिश्नर हैं। उन्हें बेंगलुरु सब-अर्बन रेलवे प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का जिम्मा भी दिया गया था।

### 9 अगस्त को होना था समापन, दोनों मार्गों से नहीं होगी यात्रा

## बारिश बनी बाधा, अमरनाथ यात्रा तय समय से एक हफ्ते पहले हो गई स्थगित

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

प्रशासन ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा को इसके तय समापन से एक सप्ताह पहले स्थगित कर दिया है। हाल ही में हुई वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त मार्गों के रखरखाव की जरूरत के कारण यह निर्णय लिया गया है। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा का रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समापन होना है। हालांकि अधिकारियों ने भारी बारिश के मद्देनजर महत्वपूर्ण मरम्मत और रखरखाव कार्यों का हवाला देते हुए ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 4 लाख 10 हजार से अधिक श्रद्धालु

तीन अगस्त से यात्रा दोनों मार्गों से स्थगित रहेगी। बिधूड़ी ने बताया कि इस वर्ष 410,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए हैं। इसकी तुलना में पिछले वर्ष 510,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किया था।

### क्यों रोकी गई यात्रा?

कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और श्री अमरनाथजी यात्रा मार्ग के बालटाल और पहलगाम दोनों छोरों पर मार्ग के रखरखाव की आवश्यकता के कारण दोनों मार्गों पर यात्रा बंद कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह देखा गया कि मार्ग पर लगातार श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती के कारण हम यात्रा को कल से पुनः आरंभ नहीं कर पाएंगे। इसलिए तीन अगस्त से यात्रा दोनों मार्गों से स्थगित रहेगी।

## केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, 22 किमी अधिक चलना पड़ेगा पैदल

**रुद्रप्रयाग।** कुछ दिनों तक बंद रहने के बाद केदारनाथ की तीर्थयात्रा पैदल मार्ग से शनिवार को पुनः शुरू हो गई। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि पैदल श्रद्धालुओं के लिए बनी सड़क को शनिवार को काफी हद तक चलने लायक कर दिया गया जिसके बाद तीर्थयात्रियों के एक समूह को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के रास्ते केदारनाथ भेजा गया। उन्होंने बताया कि हालांकि मंदिर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच अब भी बंद है और लोक निर्माण



विभाग इसे खोलने के प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक राजमार्ग बहाल नहीं हो जाता, तीर्थयात्रियों को केदारनाथ पहुंचने के लिए 22 किलोमीटर पैदल चलना पड़ेगा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहना नई दिल्ली को नागवार गुजरा है। भारत ने वाशिंगटन को सीधा संदेश दिया है कि भारत की ट्रेडनीति अपनी जरूरतों के हिसाब से है। कोई दूसरा तय नहीं कर सकता कि भारत किससे क्या खरीदेगा। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही ट्रंप को चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है, खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा भी बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ़्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। आजकल में पेश है ट्रंप डेड बोल के असर का विश्लेषण...**

# ट्रंप के 'डेड' बोल भारत को नागवार





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। ट्रंप की धमकियों से खौफ़ज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है, यह असंभव है।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर सत्तासीन होने के पश्चात अपनी राजनीतिक शक्ति के अहंकार में एकदम मदहोश हो गए हैं। सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। ट्रंप ने ये भी फरमाया कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं डूबती है तो डूब जाने दो, मुझे क्या? विश्व पटल पर क्या कोई भी कुशल, सुलझा हुआ और जानकार सर्वोच्च राजनेता किसी भी मुल्क के लिए इस तरह के तल्ख अल्फाज कदाचित अभिव्यक्त कर सकता है? समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। आने वाले वक्त में भारत यथाशीघ्र पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला मुल्क बन जाएगा। विश्व बैंक और आईएमएफ के इन आंकड़ों को नज़रअंदाज़ करके इस धरा पर कोई नासमझ व्यक्ति ही भारत की अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था करार दे सकता है।

## ट्रंप का डेड इकॉनामी का जुमला बेतुका

विश्व पटल पर भारत के सबसे भरोसेमंद मित्र राष्ट्र रूस की अर्थव्यवस्था की तरफ एक दृष्टिपात करें तो रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भी फरवरी 2022 से रूस की अर्थव्यवस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निरंतर 4.3 प्रतिशत की विकास गति से आगे बढ़ रही है। जबकि इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष केवल 1.1 प्रतिशत है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष 2.8 प्रतिशत रही है। विश्व बैंक और आईएमएफ के प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आंकड़ों से बाकायदा सिद्ध हो जाता है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ वस्तुतः अमेरिका की इकॉनामिक ग्रोथ से कहीं आगे छलांगें लगा रही हैं। ब्रिक्स देशों के संगठन की सैन्य और आर्थिक शक्ति से एकदम बौखलाए और दिग्भ्रमित हुए डोनाल्ड ट्रंप ही भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के डेड इकॉनामी वाले जुमले का वास्तविकता से कोई भी ताल्लुक नहीं है। विश्व पटल पर सबसे अधिक जीडीपी वाले देश हैं, क्रमशः अमेरिका, चीन, जर्मनी और भारत। जीडीपी के मामले में वस्तुतः दुनिया के पटल पर जापान को पीछे छोड़कर भारत चौथे नंबर पर आसीन हो चुका है। निकट भविष्य में प्रबल संभावना है कि जर्मनी को भी पीछे छोड़कर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते की खातिर बातचीत विगत छह महीनों से निरंतर जारी है। हालांकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता अपने अंतिम पड़ाव तक अभी पहुंच नहीं सका है किंतु दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यकायक एकतरफा फैसला लेते हुए, भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क आयद करने का ऐलान कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी ऐलान किया कि भारत यदि रूस से तेल खरीदता है तो फिर पैनल्टी के तौर पर अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) भी आयद किया जाएगा।

## अमेरिका से व्यापार समझौते में अड़चन

परिणाम स्वरूप अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर आयात शुल्क की दरें 27 प्रतिशत से कहीं ऊपर उठकर तकरीबन 30 प्रतिशत हो जाएंगी। भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते में सबसे बड़ी अड़चन आई है कि डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि किसी भी तरह से भारत अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले और वह भी अमेरिका द्वारा थोपी गई मनमानी शर्तों पर। भारत के करोड़ों किसानों और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार कुछ खास पहलुओं पर अमेरिका से व्यापार समझौता कदापि नहीं करना चाहती है। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए भारत के बाजार को खोल देने की जिद पर अड़े हैं। भारत अपने डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए कदापि खोलना नहीं चाहता है। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए रूस का दामन छोड़कर अमेरिका से आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र खरीदे। सर्वविदित है कि रूस द्वारा भारत को अस्त्र-शस्त्रों के साथ ही उनको निर्मित करने की तकनीक भी उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अमेरिका कदाचित ऐसा नहीं करता है और अमेरिका वस्तुतः रूस के मुकाबले भारत के लिए कहीं अधिक ऊंचे दामों पर अपने अस्त्र-शस्त्रों की कीमत तय करता है। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अमेरिका के एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमानों की खरीद के प्रस्ताव को संभवतया इसलिए ठुकरा दिया गया, हालांकि अभी तक भारत द्वारा इन विमानों के विषय में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## एफ-35 से बेहतर है रूस निर्मित विमान

भारत के जाने-माने सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमान के मुकाबले में रूस द्वारा निर्मित एसयू-57 स्टील्थ फाइटर विमान कहीं अधिक बेहतर और अपेक्षाकृत कम कीमत वाला है। यह भी एक कारण हो सकता है कि भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त पेनाल्टी आयद करने में डोनाल्ड ट्रंप ने जल्दबाजी प्रदर्शित की है। विश्व पटल पर भारत अकेला देश नहीं है जो कि अमेरिका के आयात शुल्क का दबाव झेल रहा है, वरन् दुनिया में ऐसे और भी 90 देश हैं, जोकि अमेरिका के मनमाने आयात शुल्क के दबाव का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सदैव भारत को अपना दोस्त देश कहकर पुकारा है। यक्ष प्रश्न है कि ट्रंप ने अपने दोस्त देश के साथ ऐसा दगा क्यों किया है?

उल्लेखनीय तथ्य है कि विगत अनेक वर्षों से अमेरिका वस्तुतः भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के मध्य कुल व्यापार 131.84 अरब डॉलर का रहा। भारत द्वारा अमेरिका को 87.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया और भारत द्वारा अमेरिका से 41.8 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया। बाजार व्यवस्था के जानकारों के मुताबिक भारत पर अमेरिका द्वारा तकरीबन 30 प्रतिशत आयात शुल्क आयाद करने से भारत की जीडीपी में तकरीबन 0.20 प्रतिशत की कमी आ सकती है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कुछ शिथिल हो सकता है। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी ताकतवर है, क्योंकि भारत तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश है। भारत के पास अपने ही देश में मजबूत घरेलू मांग और बाजार भी मौजूद है। अमेरिकी बाजार का सशक्त विकल्प तलाश कर लेने की प्रबल संभावना भारत के पास विद्यमान है। अतः भारत को यूरोपीय संघ, जापान, आसियान देश, अफ्रीकी देश और लैटिन अमेरिका जैसे देशों के वैकल्पिक बाजारों पर अपना समुचित ध्यान केंद्रित करना होगा। ग्लोबल साउथ देशों का सारा बाजार भारतीय सामान का इंतजार कर रहा है। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जबरदस्त चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है। अमेरिका में खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर अत्यंत प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। हालांकि विस्तारवादी चीन के साथ भारत के बुनियादी मतभेद कायम हैं, लेकिन भारत-चीन के द्वारा परस्पर व्यापार में निरंतर वृद्धि की जा सकती है।

## विश्व व्यापार संगठन की हिदायत का उल्लंघन

तकरीबन तीस वर्ष पहले विश्व पटल पर विश्व व्यापार संगठन का उदय हुआ था। उस वक्त विश्व के देशों ने विचार किया था कि आर्थिक प्रगति के नियमों के आधार पर वैश्विक व्यापार को संचालित किया जाना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन के स्थापित नियमों ने दुनिया की महाशक्तियों का विशेषकर नव साम्राज्यवादी शक्तियों का बहुत अधिक दबाव बर्दाश्त किया है, इसके बावजूद वैश्विक व्यापार में शानदार प्रगति का दीदार हुआ है। दुर्भाग्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल 2025 में अंजाम दिए गए टैरिफ ऐलान ने विश्व व्यापार के संतुलन को एकदम बिगाड़ कर रख दिया। विश्व व्यापार संगठन का बुनियादी विचार रहा है कि विकसित देशों को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को ताकत प्रदान करने की खातिर अपेक्षाकृत कम आयात शुल्क आयद करना चाहिए। दुर्भाग्य से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन की इस बुनियादी हिदायत का घनघोर उल्लंघन किया है। दुनिया के पटल पर अगर आर्थिक तौर पर ताकतवर देश अपेक्षाकृत कमजोर देशों के साथ इस तरह का व्यवहार करेंगे तो फिर दुनिया में चौतरफा आर्थिक प्रगति का संकल्प एक कटु कल्पना रह जाएगा। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार को लेकर यदि कूटनीतिक कटुता बढ़ जाती है तो फिर विगत वर्षों के दौरान दोनों देशों के मध्य आर्थिक और रणनीतिक संबंधों के जो नए दरवाजे खुल गए हैं, वो पुनः बंद हो जाएंगे।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में साथी खो देगा अमेरिका

भारत-अमेरिकी परस्पर संबंधों में शानदार उभार देखा गया है, वो भी खाक़ में मिल जाएगा। परस्पर व्यापार सम्बन्ध को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। इस क्षेत्र में यदि चीन के विस्तारवाद पर लगाम कसनी है और ताइवान को सुरक्षित रखना है तो फिर राष्ट्रपति ट्रंप को भारत के प्रति अपनी नीति में बुनियादी परिवर्तन करना होगा। क्या अमेरिका को भारत वस्तुतः ब्राजील और चीन की तल्ख भाषा में सख्त प्रतिउत्तर दे सकता है? नहीं, क्योंकि भारत अपनी संतुलित विदेश नीति के तहत अमेरिका से अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंध कदापि खराब करना नहीं चाहता। किंतु डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने गहन ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है। भारत के लिए यह सोचना-विचारना तक असंभव है।

# अमेरिकी दबाव के आगे झुके नहीं भारत



ट्रेडनीति
डा. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच कारोबार और गहरी मित्रता की जिन चमकीली ऊंचाइयों की उम्मीदें की जा रही थी, वे ट्रंप के द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के ऐलान के बाद चकनाचूर हो गई हैं। इतना ही नहीं ट्रंप ने दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्रायः बताते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उसी तरह गर्त में चली जाएगी, जैसे भारत के पुराने दोस्त रूस की अर्थव्यवस्था गर्त में गई है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित 70 देशों पर व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए 10 से 41 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ सुनिश्चित किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि भारत हमारा मित्र है मगर हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि वहां काफी ऊंचा शुल्क है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों और कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, जबकि हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।

उल्लेखनीय है कि इस समय जब अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अंतिम दौर की चर्चा जारी है, जिसे फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच समझौते के तहत इसी वर्ष के अंत तक अंतिम रूप देने का निर्णय हुआ है। लेकिन अंतिम चर्चा के समय भारत देश के करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए कृषि और डेरी क्षेत्र में रियायत देने को तैयार नहीं है, ऐसे में अमेरिका ने भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए ऊंचे टैरिफ का ऐलान किया है। स्थिति यह है कि कुछ देशों ने ट्रंप की एकपक्षीय और भेदभाव भरी मांगों के सामने घुटने टेक दिए हैं और अमेरिका की मांगों को मानते हुए जहां ऊंचे टैरिफ को स्वीकृति दी है, वहीं अमेरिका में भारी निवेश का वादा किया है।

## भारत की आवश्यकताएं अलग

निश्चित रूप से ट्रंप ने जिस तरह दूसरे देशों को व्यापार समझौते के लिए मनाया, वैसा भारत के नजरिये से दिक्कतदेह हैं। भारत के लिए ऐसे किसी समझौते को मानना मुश्किल है। ऐसा इसलिए कि भारत की विकास और आजीविका संबंधी आवश्यकताएं अलग हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 फीसदी अधिक है जबकि इस दौरान आयात 45.7 अरब डॉलर रहा, जिससे अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा।

## टैरिफ से कई उद्योग प्रभावित होंगे

ट्रंप के द्वारा लगाए गए टैरिफ के मद्देनजर भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। वे सभी वस्तुएं और सेक्टर जिनका भारत निर्यात करता है उन कंपनियों पर बड़ा असर देखने को मिलेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष




2025-26 में 86.5 अरब डॉलर से 30 फीसदी घटकर वित्त वर्ष 2026 में 60.6 अरब डॉलर रह सकता है। इसी तरह वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और टैरिफ लगाए जाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में महद 0.30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। बार्कलेज ने कहा है कि घरेलू मांग पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पर इस शुल्क वृद्धि का व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षाकृत बंद प्रकृति और घरेलू मांग पर निर्भरता इसे बड़े झटकों से बचाती है। इसी के साथ बार्कलेज ने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं के चलते अंतिम शुल्क दर आगे चलकर कम होकर 25 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। जहां ट्रंप के टैरिफ से भारत के उद्योग-कारोबार पर प्रतिकूल असर होगा, वहीं अमेरिका को भारत से अधिक नुकसान होने की आशंका है।

हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक की नई रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप टैरिफ का असर भारत की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक पड़ने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका में उच्च महंगाई, कमजोर डॉलर और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कमी का कारण बन सकता है। यह अमेरिका की ख़राब व्यापार नीति है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की छिपी हुई ताकतें खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी।

यद्यपि ट्रंप के नए टैरिफ से अमेरिका को भारत से निर्यात में कमी जरूर आएगी, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर इसलिए नहीं होगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की यह रणनीति सही है कि यदि झुक गए तो भविष्य में और भी दबाव पड़ सकता है तथा बार-बार घुटने टेकने पड़ सकते हैं। ऐसे में जनहित के मद्देनजर अब तक भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता नहीं किया है। भारत ने ट्रंप की उस इच्छा को ठुकरा दिया है, जिसमें ट्रंप अन्य देशों के साथ भारत के रिश्तों पर वीटो चाहते हैं, यानी ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका तय करे कि भारत किसके साथ कैसे रिश्ते रखे। निश्चित रूप से अब भारत को अमेरिकी बाजारों को निर्यात करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में भारत को कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और भी बहिर्मुखी बनाना होगा। अच्छी बात यह है कि हाल ही में भारत ने महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार-समझौते (एफटीए) कर लिए हैं और उसे दोगुनी तेजी के साथ ऐसे अन्य समझौतों की दिशा में बढ़ना होगा। हमें पूर्व के अपने पड़ोसियों के साथ आर्थिक जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा।

## सीपीटीपी का हिस्सा बने भारत

भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौती के बीच भारत अपने देश के करोड़ों लोगों के कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हितों के लिए दृढ़ता के साथ खड़ा रहेगा और ट्रंप की भेदभाव भरी मांगों के दबाव से दूर रहेगा। निश्चित रूप से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों के विशाल बाजार और भारत के युवाओं की बढ़ती क्रयशक्ति के सामने कारोबारी ट्रंप भारत के साथ पारस्परिक व्यापार हितों के अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही अच्छे कारोबार समझौते से व्यापार का नया लाभप्रद दौर अवश्य आकार लेते हुए दिखाई देगा। बस भारत झुके नहीं।

# आर्थिक राष्ट्रवाद दिखाने का वक्त



आर्थिकी
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

गिद्ध के श्राप से गाय नहीं मरती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व रूस को मृत अर्थव्यवस्था कह भर देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। प्राचीन काल में भी जब अमेरिका का अस्तित्व भी नहीं था, तब भारत आर्थिक महाशक्ति था, वैश्विक निर्यात में 45 फीसदी योगदान करता था। मध्यकाल में भी भारत एक आर्थिक शक्ति था। दमनकारी व शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमत के दौर में जरूर भारत के आर्थिक हालात चरमराए, लेकिन आजादी के बाद से भारत उतरोत्तर प्रगति पथ पर है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है, जर्मनी को पछाड़ कर जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत की आर्थिक क्षमता व सामर्थ्य को लेकर ट्रंप या तो गफलत में हैं या शेखी बघार रहे हैं। अमेरिका में ट्रंप ने झूठ बोलने का रिकार्ड बनाया है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

ट्रेड वार्ता जारी रहने के बीच एकतरफा मनमाना तरीके से 25 फीसदी टैरिफ भारत पर थोपने के बाद ट्रंप का भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहना अमेरिकी पराभव को लेकर उनकी हताशा को दर्शाता है। ट्रंप अमेरिकी चुनाव के दौरान यूक्रेन व रूस जंग खत्म कराने की शेखी बघारते थे, युद्ध खत्म नहीं करा पाए। यूक्रेन को जलील किया तो यूरोप ने अलग राह पकड़ ली, ईरान को आंख दिखाई, कतर में जवाब मिला। ट्रेड को लेकर चीन को सबक सिखाने की बात कही थी, सबसे पहले ड्रैगन के सामने ही घुटने टेके। हकीकत तो यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2008 की मंदी के बाद से कभी उबर ही नहीं पाई है। इन 17 वर्षों में अमेरिका की जीडीपी हमेशा ढलान पर हिचकोले खाती रही है, मौजूदा जीडीपी दर 2.8 फीसदी है।

## अमेरिका सबसे बड़ा कर्जदार

अमेरिका बेशक विश्व की नंबर एक इकॉनोमी है, लेकिन वह सबसे बड़ा कर्जदार भी है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के वादे के साथ सत्ता में आए हैं, उन्हें टैरिफ बढ़ा कर आय बढ़ाना आसान रास्ता लग रहा है, लेकिन इस शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। यह न 60 के दशक का दौर है, न 80 के दशक का। 90 के दशक के बाद दुनिया बदल चुकी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था मुक्त व उदार हो गई है और अब वह बहुध्रुवीय है। इसलिए कोई भी देश न किसी एक देश पर निर्भर है और न ही कोई एक देश किसी दूसरे देश का कुछ बिगाड़ सकता है।

## भारत बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए ट्रंप का भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताना अनुचित है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख वैश्विक एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का कथन एक और झूठ के सिवा कुछ नहीं है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ के 191 सदस्य देश हैं। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आईएमएफ ने डब्लूईओ रिपोर्ट में कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है व अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। आईएमएफ ने अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान 2023 में 2.9 फीसदी था, अमेरिकी जीडीपी दर उस वर्ष 2.54 फीसदी रही थी।। विश्व बैंक और पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान 6.5 प्रतिशत है और 2026-27 के लिए 6.7 फीसदी है। पिछले महीने जारी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा था कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जून में जारी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के बाद भी गति मिल रही है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिका ने जिस व्यापार घाटा का हवाला देते हुए भारतीय आयातों पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की है, उसकी हकीकत भी आंकड़े में कुछ और है। भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन के साथ 270 अरब डॉलर व वियतनाम जैसे छोटे देश के 113 अरब डॉलर से बहुत कम है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार 25 प्रतिशत शुल्क दवा, मुख्य रसायन, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। ट्रंप शुल्क का भारत पर खास असर इसलिए भी नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से 'सेक्शन 232' के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा।

## विविध बाजार विकल्प अपनाएं

भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन उत्पादों को भी आयात शुल्क से छूट प्राप्त है। इसलिए भारत को बिल्कुल नहीं झुकना चाहिए। भारत के सामने ब्रिटेन, यूरोप, मध्य-पूर्व एशिया, खाड़ी देश, रूस, अफ्रीकी देश, पूर्वी एशिया के बाजार के विकल्प खुले हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती घरेलू खपत से है, निर्यात से नहीं। अमेरिका के बुरे बर्ताव को भारत को अवसर के रूप में लेना चाहिए और विविध बाजार विकल्पों को अपना कर आर्थिक राष्ट्रवाद को मजबूत करना चाहिए। अमेरिकी दबाव में भारत को कृषि, खाद्यान्न व डेयरी क्षेत्र कतई नहीं खोलना चाहिए। अमेरिका की अनुचित मांगों को मानने की जरूरत नहीं है। ट्रेड डील के जरिये अमेरिका भारत को अपने कृषि व डेयरी उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बनाना चाहता है। जैसे उसने मैक्सिको व हैती को बनाया था। भारत को अपनी शर्तों पर अड़े रहना चाहिए।

**बिलासपुर**
**रविवार 3 अगस्त 2025**
श्रावण शुक्ल पक्ष दशमीं
वर्ष : 25, अंक : 133
पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य : 5 .00***

**मौसम**
अधि. 32.4
न्यूून. 24.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




# 127 साल बाद बुद्ध से जुड़े रत्न लौटे भारत, 100 मिलियन डॉलर की नीलामी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**अलग खबर**

कई सप्ताह की कूटनीतिक और कानूनी दबाव के बाद सोथबी नीलामी घर ने बुद्ध से जुड़े प्राचीन रत्नों की प्रस्तावित बिक्री को रद्द कर दिया है और उन्हें भारत को वापस कर दिया है। 334 अवशेषों का समूह, जिसे सामूहिक रूप से पिपराहवा रत्न के रूप में जाना जाता है। यह मूल रूप से उत्तर भारत के उत्तर प्रदेश के पिपराहवा में स्थित एक स्तूप में दफन किया गया था। ऐसा कहा जाता है कि इनमें बुद्ध की मृत्यु के 200 वर्ष बाद लगभग 480 ईसा पूर्व उनके अवशेषों को पुनः ⏭ शेष पेज 4 पर

## 1878 में अंग्रेज इसे ब्रिटेन ले गए थे

इस संग्रह की खोज मूलतः ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारी और शौकिया पुरातत्वविद् विलियम क्लैक्सटन पेप्पे ने पिपराहवा में एक स्थल पर की थी। ब्रिटिश राज ने 1878 के भारतीय खजाना अधिनियम के तहत पेप्पे परिवार की खोज को अपने कब्जे में ले लिया, लेकिन परिवार को 1,800 रत्नों में से पांचवां हिस्सा अपने पास रखने की अनुमति दी गई। वहीं मुकुट के रत्न कोलकाता के औपनिवेशिक संग्रहालय में चले गए. परिवार ने अपनी कलाकृतियां सोथबी को सौंप दीं. जहां मई के आरंभ में उन्हें हांगकांग में नीलामी के लिए रखा जाना था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट करके दी जानकारी



## इस संग्रह में भगवान बुद्ध के अवशेष भी शामिल

संग्रह में मौजूद हड्डियां और राख सियाम (वर्तमान थाईलैंड) के बौद्ध सम्राट राजा चुलालोंगकोर्न को उपहार स्वरूप दी गई थीं। भारत सरकार द्वारा रत्नों को वापस लौटाने की मांग करने तथा कानूनी कार्रवाई की धमकी देने के बाद बिक्री को रद्द कर दिया गया। सरकार ने कहा था कि अवशेषों को बुद्ध के पवित्र शरीर के रूप में माना जाना चाहिए. यह नीलामी अब भी औपनिवेशिक शोषण में शामिल होने जैसा होगा।



## 100 मिलियन हांगकांग डॉलर से शुरू होनी थी बोली

इन रत्नों की नीलामी 100 मिलियन हांगकांग डॉलर (9.7 मिलियन पाउंड) की शुरुआती बोली के साथ होनी थी। इनमें हड्डियों के टुकड़े, क्रिस्टल और सोपस्टोन के अवशेष, सोने के आभूषण और गार्नेट, मोती, मूंगा और नीलम जैसे बहुमूल्य पत्थर शामिल थे। रत्नों की नीलामी की घोषणा के बाद, भारत के संस्कृति मंत्रालय ने सोथबी पर निरंतर औपनिवेशिक शोषण में भाग लेने का आरोप लगाया और कहा कि अवशेषों को पुरातात्विक नमूनों के रूप में नहीं, बल्कि बुद्ध के /"पवित्र शरीर/" के रूप में माना जाना चाहिए, जो धार्मिक सम्मान के योग्य हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 16 अगस्त से खुलेगा अमृत उद्यान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान, उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे होगा।

### जलप्रपात में डूबने से तीन छात्रों की मौत

**नरसिंहपुर।** मप्र के नरसिंहपुर जिले में स्थित एक जलप्रपात में डूब जाने से 12वीं कक्षा के तीन छात्रों की मौत हो गई। यह हादसा बिल्धा जलप्रपात में शुक्रवार शाम को हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान संस्कार सिटी के रहने वाले तरुण शर्मा के पुत्र तन्मय शर्मा, ध्रुवघट निवासी भगवत जाट के पुत्र अश्विन जाट और गोकुलनगर के अखिलेश सोनी के पुत्र अक्षत सोनी के रूप में हुई है।

### मप्र डीजीपी को ब्रिटेन में मिलेगा सम्मान



**भोपाल।** मप्र पुलिस के नशे के खिलाफ एक पखवाड़े तक जारी रहे अभियान को 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में स्थान मिला है। इस उपलब्धि के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना को ब्रिटेन की संसद में सम्मानित किया जाएगा। 'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान ने व्यापक पैमाने पर मिली सफलता।

### छात्र ने छात्रावास से कूदकर कर ली खुदकुशी

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के 22 वर्षीय छात्र ने शुक्रवार देर रात पवई स्थित छात्रावास की इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। छात्र रोहित सिन्हा ने कथित तौर पर देर रात करीब ढाई बजे छात्रावास की 10वीं मंजिल से छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि सिन्हा को निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो बाइक की टक्कर में तीन की गई जान



**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। टक्कर में दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों में से तीन की मौत हो गई। एक अन्य को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान राजन (22), तबारक (25) और आनंद (24) के रूप में हुई है।

ट्रंप के 'डेड इकोनॉमी' पर काशी में मोदी ने दिया जवाब

# पीएम बोले- दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा भारत

एजेंसी ⏭ वाराणसी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी जवाब दे दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। ट्रंप ने टैरिफ का ऐलान करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड इकोनॉमी' बताया था।*

पीएम मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा कर लगभग 2,183.45 करोड़ रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने-अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना ही है। हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग, हमारे नौजवानों को रोजगार, इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार देश के सर्वोत्तम हित में हर संभव प्रयास कर रही है, जो लोग देश का भला चाहते हैं और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं, चाहे वह कोई भी राजनीतिक दल हो, उन्हें अपने मतभेदों को भुलाकर 'स्वदेशी' उत्पादों के लिए संकल्प लेना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कारोबारियों से अपील करते हुए कहा कि जब दुनिया इस प्रकार की अस्थिरता के माहौल से गुजर रही है तो हम भी सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। ये संकल्प भी देश की सच्ची सेवा होगी। अब हर पल स्वदेशी ही खरीदेंगे। ये महात्मा गांधी को बड़ी श्रद्धांजलि होगी। ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल पर दिया जोर

### मेरा वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने का उनका वादा भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरा हुआ। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ कार्रवाई का वर्णन करने के लिए भगवान शिव के प्रचंड 'रुद्र' रूप का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को देश की ताकत दिखाई है और एक स्पष्ट संदेश दिया है - जो कोई भी भारत पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा, यहां तक कि 'पाताल लोक' में भी नहीं। मोदी ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों के लिए मेरा दिल दुख से भर गया है। उन्होंने कहा, महादेव के आशीर्वाद से हमारी बेटियों के 'सिंदूर' का बदला लेने का मेरा वादा पूरा हुआ। उन्होंने आगे कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को महादेव के चरणों में समर्पित करता हूं।



**ट्रंप ने किया 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान :** बीती 31 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से सभी आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ और एक्स्ट्रा जुर्माना लगाने का ऐलान किया था। ट्रंप ने 'डेड इकोनॉमी बताते हुए कहा था कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं कि भारत, रूस के साथ क्या करता है।

**किसानों को जारी की 20वीं किस्त :** प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भी जारी की, जिसके तहत 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। उन्होंने दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर वितरित किए।

### मोदी ने भीड़ से किया सीधा सवाल

क्या आपको ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व नहीं है? क्या आपको इस बात पर गर्व नहीं है कि भारत ने आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया? उन्होंने आगे कहा, आप सभी ने देखा होगा कि कैसे हमारे ड्रोन और मिसाइलों ने सटीक हमले किए और आतंकवादी ठिकानों को मलबे में बदल दिया। पाकिस्तान में कई हवाई अड्डे अभी भी आईसीयू में हैं (सदमे से जूझ रहे हैं)। पाकिस्तान की पीड़ा समझ में आती है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता भी इससे निपट नहीं पा रहे हैं।

### कांग्रेस पर लगाया आरोप

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस बार-बार सशस्त्र बलों के शौर्य का अपमान कर रही है और उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक तमाशा तक कह दिया था। उन्होंने कहा, क्या 'सिंदूर' कभी मजाक हो सकता है? उन्होंने हमारी बहनों के पवित्र चिह्न और हमारे सैनिकों के शौर्य का अपमान करने का साहस किया। मोदी ने समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने पूछा, क्या मुझे सपा नेताओं को बुलाकर पूछना चाहिए कि अभी हमला करना है या बाद में?

14 को भिलाई में रजत जयंती समारोह

# 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित होंगे राहुल देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कीर्ति शेष देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोक जागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान का यह रजत जयंती वर्ष है। इस वर्ष सुपरिचित पत्रकार, लेखक एवं संपादक राहुल देव को 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जाने माने पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति के सदस्यों ई.वी. मुरली, डा. विश्वेश ठाकरे, श्वेता उपाध्याय, डा. रक्षा सिंह, वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. अरुण कुमार श्रीवास्तव, स्वागत समिति अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, सचिव मुमताज़ ने उपरोक्त जानकारी प्रदान की है। सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार 14अगस्त को दोपहर एक बजे महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। निर्णायक समिति ने अपने वक्तव्य में कहा है कि राहुल देव देश के ख्यातिलब्ध पत्रकार हैं। राहुल देव ने सामाजिक सरोकारों तथा भाषा के स्वरुप और संस्कार के प्रति बेहद संजीदा पत्रकारिता की है। राहुल देव की पत्रकारिता ⏭ शेष पेज 4 पर



### इन्हें मिल चुका है वसुंधरा सम्मान

विगत वर्षों में स्व. रमेश नैयर,स्व.श्याम लाल चतुर्वेदी, स्व.कुमार साहू, स्व.बसंत कुमार तिवारी, स्व.विनोद शंकर शुक्ल, स्व. शरद कोठरी, स्व.बबन प्रसाद मिश्र, डा. हिमांशु द्विवेदी, दिवाकर मुक्तिबोध, आशा शुक्ला, गिरिजाशंकर, ज्ञान अवस्थी, श्याम वेताल, अभय किशोर, डा.सुशील त्रिवेदी, गिरीश पंकज, बी.के.एस.रे, प्रकाश दुबे, स्व.तुषार कांति बोस, ई.वी.मुरली, सतीश जायसवाल, लीलाधर मंडलोई सुधीर सक्सेना एवं डा.विश्वेश ठाकरे को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

### संयुक्त तत्वावधान में समारोह

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से यह समारोह लोकजागरण की संस्था' वसुंधरा, श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन, भिलाई इस्पात संयंत्र आफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

# सीएम ने किया सबसे ज्यादा सदस्य बनाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सबसे ज्यादा 33 हजार सदस्य बनाए विधायक रिकेश सेन ने

भाजपा के सदस्यता अभियान में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मान किया। इसी के साथ कार्यकर्ताओं के साथ भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा और 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वाले करीब 242 कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सबसे ज्यादा 33 हजार 861 सदस्य विधायक रिकेश सेन ने बनाए। टॉप दस की सूची में 8 सांसद और विधायकों के साथ ही दो कार्यकर्ता ⏭ शेष पेज 4 पर

### फिर से सरकार में आने का लक्ष्य रखें: अजय जामवाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, आप लोगों ने मेहनत के साथ छत्तीसगढ़ के सपनों को पूरा किया है, भाग्य तभी बदलता है, जब मेहनत चरम सीमा पर होती है। मेहनत करके आपने अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है और अब हम और अच्छी मेहनत करके अगली केंद्र व प्रदेश सरकार दो-तिहाई बहुमत से लेकर हम आएंगे, इसका संकल्प लेते हैं।

### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का चखा स्वाद

सम्मान कार्यक्रम के बाद नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी लोगों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, चीला, फरा, , बरा, सहित विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को सदस्यता अभियान की सफलता के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, ⏭ शेष पेज 4 पर

# कर्ज चुकाने बनाई लूट की मनगढ़ंत कहानी, पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिनदहाड़े 11 लाख 80 हज़ार रुपए की लूट का मामला फर्जी निकला। युवक ने मनगढंत कहानी सुनाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कर्ज चुकाने की नीयत से युवक ने अपने मालिक का पैसा पाने ये साजिश रची थी। आरोपी को चंद घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रकम बरामद कर ली गई है। एसपी विजय पाण्डेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह थाना में दीपेश देवांगन ने शुक्रवार की शाम 11 लाख 80 हजार की ⏭ शेष पेज 4 पर

- पुलिस ने चंद घंटो के भीतर किया आरोपी को गिरफ्तार



### जीत लिया था मालिक का भरोसा

आरोपी दीपेश देवांगन करनौद निवासी किरीत सिन्हा के यहां काम करता था। किरीत सिन्हा का धान के साथ ही छड़ सीमेंट व अन्य व्यवसाय है। दीपेश साल 2018 से उसके यहां एकाउंटिंग और खरीदी बिक्री संबंधित कार्य व रुपए का लेनदेन करता था। वह पहले भी कई बार अपने मालिक का पैसा बैंक में जमा करा चुका था। दीपेश ने किरीत सिन्हा का विश्वास जीत लिया था, लेकिन इस बार मोटी रकम देख कर वह लालच में आ गया।

### शुरू से था शक के दायरे में

दीपेश ने दोपहर 1 बजे पूछेली और अमोदी के बीच लूट की वारदात होने की बात पुलिस को बताई थी। घटना स्थल से बम्हनीडीह थाने की दूरी महज 2 किलोमीटर है। दीपेश ने 4 घंटे बाद शाम 5 बजे थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट कराने में देरी को लेकर पहले ही मामला संदिग्ध लग रहा था। पुलिस ने घटनास्थल का ⏭ शेष पेज 4 पर

राहुल ने लगाया आरोप

# मतदाता सूची में हेरफेर के सबूत 'एटम बम' की तरह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 100 सीट पर धांधली हुई है और अगर इनमें से 15 सीट पर भी धांधली नहीं हुई होती, तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते। उन्होंने फिर से दोहराया कि कर्नाटक में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वो एटम बम की तरह हैं।





### राजनाथ बोले- ...तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ दें

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्वाचन आयोग पर बिहार में वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास एटम बम है। अगर ऐसा है तो उन्हें तुरंत उसे फोड़ देना चाहिए। उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खुद खतरे से दूर रहें।'

पुणे पिंपरी-चिंचवड़ इलाके में 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत

# जिम में वर्कआउट करते आया चक्कर, पानी पीते हार्ट अटैक

एजेंसी ⏭ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ इलाके में एक जिम में वर्कआउट के दौरान 39 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिलिंद कुलकर्णी के रूप में हुई है, जो चिंचवड़ निवासी थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। जिम स्टाफ के मुताबिक, वर्कआउट करते समय कुलकर्णी को चक्कर आया और वह पानी पीने के लिए कूलर की ओर गए। इस दौरान पानी पीते ही वो अचानक गिर पड़े। जिम में मौजूद अन्य लोग तुरंत उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल हॉस्पिटल, पिंपरी रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### पुलिस ने क्या बताया

चिंचवाड़ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अंकुश बांगर ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए वायसीएमएच भेजा गया। पुलिस का कहना है कि परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है और चूंकि मौत स्वाभाविक कारणों से हुई है, इसलिए किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### कुर्सी पर बैठे-बैठे हार्ट अटैक से मौत

फरीदाबाद के भतौला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया, जहां एक ग्रोसरी डिलवरी कंपनी के डिलिवरी बॉय को अचानक हार्ट अटैक आ गया। 30 साल के विकल सिंह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। यह घटना तब हुई जब वह कंपनी के स्टोर के बाहर कुर्सी पर आराम फरमा रहा था। तभी वो अचानक गिर गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### सीबीएसई के क्षेत्रीय निदेशक मृत पाए गए



**चेन्नई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक यहां अन्ना नगर स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। मृतक की पहचान महेश डी धर्माधिकारी (57) के रूप में हुई है और वह शुक्रवार को अपने घर में अचेत मिले थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धर्माधिकारी अकेले रह रहे थे। पुलिस ने कहा, डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि उनकी मृत्यु हृदयाघात के कारण हुई। धर्माधिकारी के पुणे स्थित परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि चेन्नई पहुंचने पर उनका पार्थिव शरीर उन्हें सौंप दिया जाएगा।





मित्रता दिवस आज

बाकी सारे रिश्ते तो हमें जन्म से मिलते हैं, एक दोस्ती का रिश्ता हम खुद ही बनाते हैं। स्वार्थ से परे, सुख-दुख पर हमेशा साए की तरह मौजूद रहने वाला यह रिश्ता हमारे लिए सबसे अधिक मायने रखता है। भले ही समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया हो लेकिन आज भी यह उतना ही मूल्यवान है।

# सबसे प्यारा-अनमोल दोस्ती का रिश्ता

कवर स्टोरी
अंशु सिंह

इस दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। कुछ हमारे परिवार के सदस्य होते हैं, कुछ रिश्तेदार। कुछ हमसे प्रेम करते हैं तो कुछ हमसे ईर्ष्या करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो बिना किसी फायदे के जरूरत पड़ने पर हमारी हर संभव मदद करने को सदैव तत्पर रहते हैं। हमें जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। दुख और मुश्किल समय में साथ खड़े होते हैं। उन्हें ही हम दोस्त कहते हैं। यह दोस्ती हमारे आपसी विश्वास और आस्था पर टिकी होती है।

**स्वार्थ से परे आत्मीय रिश्ता:** किसी ने कहा है, 'मुझे अपने मित्रों के बारे में बताइए, मैं आपके व्यक्तिव के बारे में बता दूंगा।' वास्तव में आपके दोस्त किस तरह के हैं, वह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आपका जीवन में क्या लक्ष्य है? आपका चरित्र कैसा है, आपकी सोच कैसी है?

सच में, धन-दौलत तो बहुत से लोग कमा लेते हैं। लेकिन दोस्ती जैसा सच्चा धन हर कोई नहीं कमा पाता। इस दुनिया में हर इंसान को एक ऐसे शख्स की जरूरत होती है, जिसे वह अपनी दिल की बातें बेझिझक बता सके। इसलिए दोस्त वो होता है, जिस पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सके। दोस्तों के बीच स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। न ही दोस्ती किसी की जाति, पंथ या धर्म देखती है।

**पुराणों-इतिहास में मित्रता:** हिंदू पौराणिक कथाओं में मित्रता के कई आदर्श उदाहरण देखे जा सकते हैं। जैसे, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा, वानर राज सुग्रीव एवं भगवान श्रीराम, श्रीराम एवं विभीषण की मित्रता हमारे लिए आज भी आदर्श हैं। इतिहास पर नजर डालें तो 19वीं सदी के शुरुआती दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और मोहम्मद अली जिन्ना बहुत अच्छे दोस्त हुआ करते थे। वे अकसर घर-सार्वजनिक स्थलों पर मिलकर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने के तरीकों पर चर्चा करते थे। मुगल



काल में छत्रपति शिवाजी और तानाजी भी बचपन के दोस्त थे। बाल्यकाल से ही दोनों मुगलों के अधीन किलों पर विजय पाने की रणनीति बनाया करते थे। जैसे-जैसे दोनों बड़े हुए, शिवाजी ने तानाजी की मदद से कई लड़ाइयां जीतीं और तानाजी उनके योद्धा सेनापति बन गए। इस तरह उन्होंने आजीवन अपनी दोस्ती की मिसाल कायम की। उनकी दोस्ती इतिहास में अमर हो गई।



**होता है मार्गदर्शक :** दोस्ती का संबंध ही ऐसा होता है कि वे सदा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अपने दोस्त का हित करने के लिए व्यक्ति उसकी नाराजगी भी झेलने को तैयार रहता है। एक सच्चा दोस्त हमेशा अपने दोस्त का सबसे बड़ा शुभचिंतक होता है, उसका मार्गदर्शक होता है। हो सकता है कि किसी समय कुछ देर के लिए अपने मित्र की बातें या कार्य आपको उचित न लगें। लेकिन कभी न भूलें कि सच्चा मित्र हर स्थिति में आपका हित ही चाहता है। अगर वह कोई कार्य करने से आपको रोकता है तो उसमें जरूर आपका हित ही होगा। हो सकता है उसका मनोभाव आपको कुछ समय बाद समझ में आए।

**मित्रता पर भी पड़ा तकनीकी प्रभाव:** पिछले दो-तीन दशकों में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारणों से मित्रता में काफी बदलाव आया है। 20 वीं सदी तक दोस्ती खतों और आमने-सामने की मुलाकातों के जरिए कायम रहती थी। फिर टेलीफोन और बाद में इंटरनेट ने संपर्क बनाए रखना आसान बना दिया। इक्कीसवीं सदी में टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के जरिए संवाद होने लगा। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म ने तो दोस्ती बनाने और निभाने के तरीके को पूरी तरह बदल कर रख दिया। इनसे लोग दुनिया भर में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। हालांकि इसमें ज्यादातर रिश्तों में गहराई नहीं होती। कह सकते हैं कि दोस्ती की परिभाषा व्यापक हो गई है। आज दोस्ती पारंपरिक बाधाओं को पार करते हुए अधिक विविध और समावेशी तरीकों से विकसित हो सकती है। बहरहाल, समय और दौर कोई भी हो, दोस्ती आज भी दो इंसानों के बीच सबसे प्यारा और अनमोल रिश्ता होता है। *

## दोस्ती से बेहतर रहता है मानसिक स्वास्थ्य



पल्लवी प्रकाश
साइकोलॉजिस्ट -मोटिवेशनल कोच

**अच्छे मानसिक** स्वास्थ्य के लिए भी दोस्ती का बहुत अधिक महत्व होता है। दोस्त, भावनाओं को व्यक्त करने, समस्याओं को साझा करने और सलाह लेने के लिए एक आत्मीय साथ प्रदान करता है। इस भावनात्मक समर्थन से तनाव, चिंता और उदासी सभी को कम किया जा सकता है। फ्रेंडशिप नेटवर्क का हिस्सा होने से व्यक्ति जुड़ाव और खुद को मूल्यवान महसूस करता है। यह अपनेपन की भावना मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और उसे अकेलेपन, अलगाव की भावनाओं से बचा सकती है। दोस्त नियमित व्यायाम, संतुलित आहार जैसी स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करके और धूम्रपान या अत्यधिक शराब पीने जैसे हानिकारक आदतों से बचाकर व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

## बॉलीवुड में दोस्ती



**हिंदी फिल्म** इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ बदला है। एक ऐसी इंडस्ट्री जो अधिकतर बिजनेस बेनिफिट और स्वार्थ के लिए जानी जाती है। उस माहौल में भी कई स्टार्स की दोस्ती एक मिसाल की तरह है। जैसे, करीना-अमृता-मलाइका की एक दशक से भी ज्यादा पुरानी दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत और अटूट बनी हुई है। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं। अनन्या, शनाया को सोल सिस्टर कहती हैं। अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक अयान मुखर्जी का ब्रोमांस इंडस्ट्री में बेहद चर्चित है। सलमान खान और अजय देवगन भी वर्षों से पक्के दोस्त हैं। इस बारे में अजय कहते हैं, 'सलमान और मैं एक ही समय पर इंडस्ट्री में आए थे। पिछले 25 सालों से हमारी दोस्ती बरकरार है।'

सेल्फ मोटिवेशन
राजयोगी बीके निकुंज जी



# हमेशा साथ रहता है हमारा सच्चा मित्र

यह सही है कि आज के दौर में सच्चा मित्र मिलना बहुत कठिन है। बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहने वाला सच्चा मित्र। ऐसे ही सच्चे मित्र की तरह ईश्वर भी हमेशा हमारे साथ रहता है।

जरूरत के वक्त जो साथ दे, वही सच्चा मित्र होता है। यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही सच है, जितनी वर्षों पहले थी। जीवन के किसी न किसी मोड़ पर हम सभी ने इसे अनुभव किया है, कभी किसी अजनबी से, तो कभी उस शख्स से जिससे हमें कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन आज, जब हमारे जीवन में रिश्तों से ज्यादा 'कांटेक्ट्स' हैं, और मित्र बस केवल स्क्रीन पर दिखाई देने वाले नाम बनकर रह गए हैं, तब यह सवाल जरूरी हो गया है कि मित्रता वास्तव में हमारे लिए क्या मायने रखती है?

**हर रिश्ते से ऊपर:** जब आप आंखें बंद करके खुद से यह पूछते हैं कि मेरे जीवन में कौन वास्तव में मायने रखता है? तो आपका ध्यान शायद उस व्यक्ति की ओर नहीं जाता, जिसने आपको योग्य सलाह दी। बल्कि उस व्यक्ति का मन याद करता है, जो उस समय चुपचाप आपके कंधे पर हाथ रखकर पास बैठा रहा, जब आपकी दुनिया बिखर रही थी। जी हां! मित्रता वही रिश्ता है, जो न खून के रिश्ते से बंधा होता है, न शर्तों पर टिका होता है। एक सच्चा मित्र आपको वैसे ही स्वीकार करता है, जैसे आप हो न कि जैसे वह आपको देखना चाहता है। शायद इसलिए ही परिवार या रिश्तेदार से ऊपर हम हमेशा मित्रता को रखते हैं क्योंकि यही एक ऐसा रिश्ता है, जो हम अपनी पसंद से चुनते हैं।



**बनता है आत्मिक संबंध:** एक सच्चा मित्र शायद हमसे हमारी पसंद की बात हमेशा कह न पाए, लेकिन उसकी बात सीधे दिल तक पहुंचती है और इसीलिए उस व्यक्ति के साथ हमें एक आत्मीयता सी महसूस होती है, जो न किसी तर्क पर टिकी होती है, न किसी प्रयोजन पर। जब यह जुड़ाव दोनों ओर से होता है, जब आत्माएं एक-दूसरे को पहचानें और सम्मान दें, तब एक सुंदर संबंध का जन्म होता है। एक ऐसा संबंध, जो जीवन भर और शायद उसके बाद भी बना रहता है।

**सच्ची नहीं आभासी मित्रता:** आज बदलते युग में मित्रता का अर्थ बदलता जा रहा है। आज हम सहकर्मी, सहपाठी, जिम के साथी या सोशल मीडिया फॉलोअर्स को भी मित्र कह देते हैं। लेकिन साथ रहना और दिल से जुड़ना इन दोनों में बड़ा फर्क है। फेसबुक फ्रेंड होना, इंस्टाग्राम पर जन्मदिन की बधाई देना, ये सब असली मित्रता नहीं है। सच्ची मित्रता वहां होती है, जहां भावनात्मक समानता होती है, दिल से दिल का रिश्ता होता है, जहां न अहं होता है और न किसी भी प्रकार की अपेक्षा।

सवाल उठता है कि तो कौन होता है सच्चा मित्र? एक ऐसा व्यक्ति जिसके समक्ष आप बिना किसी मुखौटे के अपने मूल रूप में रह सकें, बिना कुछ छुपाए, बिना कुछ साबित किए। जो आपके दोषों को जानकर भी आपका साथ न छोड़े। जो शब्दों से नहीं, मौन से भी दिल तक पहुंच जाए और एक हल्के से स्पर्श या दृष्टि से आपको यह जता दे 'मैं यहीं हूं तुम्हारे साथ।' आज के इस तेज रफ्तार जीवन में, सबसे दुर्लभ बात है, उपलब्धता। वर्तमान काल में ऐसा कोई है, जो बिना विचलित हुए बस आपकी बात सुने? है कोई ऐसा? आजकल तो सभी से ज्यादातर, 'थोड़ी देर बाद बात करते हैं', फिर से कॉल करता हूं', 'थोड़ा बिज़ी हूं' यही सब सुनने को मिलता है, जो भावनात्मक दूरी की नई भाषा बन चुके हैं। इसीलिए इस बात से कोई इंकार नहीं करेगा कि आज हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां रिश्ते भी सुविधाओं के अनुसार चलते हैं। जब जरूरत हो, तब याद किया जाता है। जब हम किसी के काम के नहीं रहते, तो भुला दिए जाते हैं।

**ईश्वर होता है हमारा परममित्र:** आज के समय में ऐसा मित्र मिलना मुश्किल है, जो बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी शर्त के साथ दे। मैंने अपने अनुभव में पाया कि सबसे स्थायी, सबसे निःस्वार्थ मित्रता मुझे इंसानों में नहीं, बल्कि किसी और में मिली, सर्व शक्तिमान परमात्मा में। जी हां, उस दिव्य सत्ता में जिसे आप भगवान, ईश्वर, खुदा, सर्वोच्च आत्मा या सिर्फ मेरा सबसे प्यारा मित्र कह सकते हैं। हम प्रार्थना में अकसर उसे पिता, माता, गुरु या मार्गदर्शक कह कर पुकारते हैं। लेकिन क्या कभी आपने उससे एक मित्र की तरह बात की है? बिना किसी औपचारिकता, बिना किसी रीति-नीति के, बस सीधे दिल से? एक बार कोशिश कीजिए। जैसे अपने सबसे करीबी दोस्त से आप बात करते हैं, वैसे ही उनसे भी करिए, बिना कोई डर, बिना संकोच। फिर देखना आप अंदर ही अंदर महसूस करेंगे एक ऐसी शांति, ऐसा सुकून, जो किसी मानवीय रिश्ते में नहीं मिलता। उसका प्रेम प्रदर्शन पर नहीं अपितु उपस्थिति पर आधारित है। बस उसे दिल से याद कीजिए और वो आपकी हर धड़कन में मौजूद मिलेगा। *

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन



अच्छे दोस्त मिलना सौभाग्य की बात है। इससे जिंदगी गुलजार हो जाती है। इसलिए किसी को अपना घनिष्ठ दोस्त बनाने से पहले उसमें मौजूद कुछ क्वालिटीज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

# जिंदगी में बहुत जरूरी हैं ऐसे दोस्त

जिंदगी में अच्छे दोस्तों की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि हम जो कुछ भी हैं अपने आस-पास के लोगों, अपनी संगत और माहौल की वजह से ही हैं। हमारे सपने, लक्ष्य, सोचने और काम करने का तरीका, रहन-सहन और जीने का अंदाज बहुत कुछ उन्हीं लोगों से प्रभावित होता है, जिनके साथ हम अपना ज्यादातर वक्त बिताते हैं। इसे मनोविज्ञानी लॉ ऑफ अट्रैक्शन कहते हैं। अमेरिकी व्यवसायी जिम रॉन ने कहा है कि आप उन 5 लोगों का एवरेज होते हैं, जिनके साथ आप हमेशा रहते हैं। इसलिए दोस्त बनाने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

**जो देते हैं स्मार्ट सोशल सपोर्ट:** हम जो कुछ करते हैं, उसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बहुत सारे लोगों का इंवॉल्वमेंट होता है। पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल लाइफ, अपने आर्थिक, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक हितों के लिए हमें कुछ लोगों पर निर्भर होना पड़ता है, अच्छे दोस्त यह जरूरत पूरी करते हैं।

**जो ज्यादा समझदार हों:** महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था, 'अगर आप अपने इनर सर्किल में सबसे स्मार्ट या बुद्धिमान व्यक्ति हैं तो आप एक गलत सर्किल में रह रहे हैं।' कहने का तात्पर्य यह है कि आपको खुद से ज्यादा सफल, सक्षम, समझदार और प्रतिष्ठित दोस्तों के बीच रहना चाहिए। इसलिए आप ऐसे लोगों को दोस्ती के लिए चुनें, जो आपकी सफलता और मानसिक सुकून में आपके साथी बन सकें।

**जिनका साथ अच्छा लगे:** मानसिक बीमारियों के प्रबल वर्तमान दौर में मन का सुकून बड़ी दुर्लभ चीज हो गई है। अधिकांश इंसान दुश्चिंता और अवसाद से घिरे रहते हैं। ऐसे में जिन लोगों के बीच रहकर आपको मानसिक सुकून मिलता हो, जिनके साथ हंसी-मजाक का दौर चलता हो, उन्हें अपनी जिंदगी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**जिनकी उपस्थिति में सहज महसूस करें:** ऐसे दोस्त जिनकी उपस्थिति में आप सहज महसूस करें और अपने मन की बातें बिना लाग लपेट के खुलकर कह सकें, उनको साथ रखना चाहिए। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके कुछ कहने पर आपका ईगो हर्ट नहीं होता और आप कुछ कह दें तो ये भी दिल पर नहीं लेते। ये शॉक एब्जॉर्बर करने वाले लोग, जिनकी आपको जरूरत होती है।

**जो बुरे वक्त में साथ खड़े रहते हों:** हर व्यक्ति की जिंदगी में दो चार दोस्त ऐसे जरूर होने चाहिए, जो बुरे वक्त में उसके साथ खड़े रह सकें। बीमारी की स्थिति में सही डॉक्टर या अस्पताल तक पहुंचाना और तीमारदारी, दुख की घड़ी में



संबल प्रदान करने वाला और आर्थिक मुसीबत के वक्त पैसों की मदद करने वाले लोग निहायत जरूरी हैं। आपको भी ऐसे लोगों से अपने रिश्ते प्रगाढ़ रखने चाहिए।

**जो आत्मविश्वास बढ़ाते हों:** आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते हैं, कोई नया बिजनेस करना चाहते हैं या चैलेंजिंग जॉब ज्वाइन करना चाहते हैं तो शुरू-शुरू में हिचक रहती है। ऐसे में आप असफल लोगों से राय मांगेंगे तो वे आप को हतोत्साहित कर देंगे। वहीं सकारात्मक स्वभाव के दोस्त आपका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे, पॉजिटिव सजेशन देंगे और आपको प्रेरणा देंगे। ऐसे लोगों से मेल मिलाप अवश्य रखें।

**जो आपसे ईर्ष्या ना करते हों:** कुछ लोग अपने इर्द-गिर्द वालों की तरक्की, खुशहाली और सुकून नहीं देख सकते। ये ईर्ष्यालु होते हैं और मौका मिलते ही टांग खींचते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करने से दूर रहें। जो लोग आपकी सफलता को सराहते हैं और आपसे प्रेरणा या सलाह लेना चाहते हैं, उन्हें अवश्य अपने सर्किल में रखें। इनसे आप जीवन में कभी खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगे। *

दोहे / राजश्री राठी

## बरखा नर्तन करे



झंकृत वीणा ह्रदय की छेड़ रही अनुराग।
बरखा नर्तन यूं करे जैसे पद में राग।।
नैन बाट जोहत रहे भर-भर कर मनुहार।
बरखा का स्वागत करे ह्रदय कुसुम बन हार।।
बरखा छम-छम यूं करे ज्यूं पायल झनकार।
दुल्हन रूप धरा लिए सज सोलह सिंगार।।
गरजे घन-घन मेघ जब करते बंद किवाड़।
बैरन सी बरखा हुई मन को रही बिगाड़।।
बादरवा घनन गरजे मन मोरा घबराय।
पिया रहे परदेस में नैन नेह बरसाय।।
छम-छम बरखा जो हुई मन मे भरी उमंग।
आसमान में उड़ रही जैसे कोई पतंग।।

कहानी
विनय कुमार पाठक

# राखी का तोहफा

बेईमानों से भरी इस दुनिया में भी बहुत से ऐसे ईमानदार हैं, जिनका मन विपन्नता में भी किसी के पड़े बैग में ढेर सारे पैसे देखकर भी नहीं डगमगाता। ऐसे ही एक कबाड़ बटोरने वाले गरीब इंसान की दिल को छूती कहानी।



एआई इमेज

राजेंद्र एक कबाड़ बीनने वाला है, वह रोज की तरह रेलवे स्टेशन पर कचरे के ढेर में अपने काम की चीजें तलाश रहा था। उसकी नजरें बेहद सतर्क थीं-प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डिब्बे और अपने काम की अन्य चीजे, उसकी निगाहें तलाश रही थीं। इन्हें वह कबाड़ी को बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। उसने अपनी बोरी में ऐसी कई चीजें भर रखी थीं, लेकिन वह कुछ और सामान बटोरना चाह रहा था।

तभी राजेंद्र की नजर दूर पड़े एक भूरे रंग के हैंडबैग पर पड़ी। 'शायद किसी अमीर आदमी ने यूं ही फेंक दिया होगा।' राजेंद्र ने सोचा। उसे मालूम है, जो चीजें अमीरों के लिए बेकार होती हैं, वही किसी गरीब के लिए बहुत काम की होती हैं। उसे पहले भी कूड़े से एक जोड़ी अच्छे जूते मिले थे, जिसे वह खुद इस्तेमाल कर रहा था। यह बैग उसे कुछ ऐसा ही अवसर लग रहा था।

तेजी से चलकर राजेंद्र उस बैग तक पहुंचा। सौभाग्य से आस-पास कोई और रद्दी बीनने वाला नहीं था। बैग अच्छी हालत में था। बस उसका हैंडल टूटा हुआ था, जिसे कोई मोची आसानी से ठीक कर सकता था। राजेंद्र ने इधर-उधर देखा कि कोई देख तो नहीं रहा, फिर बैग के बीच वाला चेंबर खोला। अंदर देखा तो उसके होश उड़ गए-उसमें पांच सौ के नोटों की एक मोटी गड्डी थी। साथ ही एक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड भी रखा दिखा।

यह अप्रत्याशित दौलत देखकर राजेंद्र के मन में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन दूसरे ही पल उसे अहसास हुआ कि कार्ड उसके किसी काम के नहीं हैं। राजेंद्र ने सुना था कि किसी और के कार्ड इस्तेमाल करने पर जेल हो सकती है। हो सकता है, यहां कहीं लगा सीसीटीवी कैमरा यह सब कवर कर रहा हो। उसका बेवजह फंसने का कोई इरादा नहीं था। एकाएक राजेंद्र के दिमाग में आया, हो सकता है इस बैग के मालिक को पैसों की बहुत जरूरत हो, दवाई या किसी और जरूरी काम के लिए। अपने मन के बोझ को दूर करने के लिए वह सीधे रेलवे स्टेशन जा पहुंचा। स्टेशन मास्टर के केबिन में जाकर बोला, 'साहब, यह बैग मुझे रेलवे ट्रैक के पास मिला था, जब मैं कबाड़ बीन रहा था।'

'ठीक है, जाकर उधर एक किनारे बैठ जाओ।' स्टेशन मास्टर ने कहा। वहां रूम में एक व्यक्ति बैठा हुआ था। वह चिंतित दिख रहा था।

'मिस्टर अजय, शायद यही वह बैग है, जिसकी आप तलाश कर रहे थे।' स्टेशन मास्टर ने उस व्यक्ति से पूछा।

'संभव है, मेरी कुलीग मीनाक्षी ने बताया था कि उसका ब्राउन बैग खो गया है। इसका डिटेल इससे मेल खाता है। उसमें आईडेंटिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और आज की सैलरी थी।' अजय ने जवाब दिया और राजेंद्र को थोड़ा संदेह की नजर से देखा।

'हां, इसमें पांच सौ के नोटों की मोटी गड्डी और दो कार्ड हैं।' राजेंद्र ने बताया।

'हमें इसकी पुष्टि करनी होगी।' स्टेशन मास्टर ने कहा और बैग खोलकर देखा। अंदर मीनाक्षी माथुर का ऑफिस पहचान पत्र और दोनों कार्ड मौजूद थे। नाम कार्ड पर स्पष्ट लिखा हुआ था।

'अजय जी, प्लीज मीनाक्षी जी को तुरंत फोन करें और बताएं कि उनका बैग मिल गया है, मेरे पास सुरक्षित है। आधार, वोटर कार्ड या पैन कार्ड लेकर आएं और सत्यापन करवा लें।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

अजय ने तुरंत मीनाक्षी को कॉल किया। वह पहले से ही बहुत परेशान थी। कॉल उठाते ही बोली, 'मैं अभी आ रही हूं। आधे घंटे में पहुंच जाऊंगी। प्लीज उस सज्जन को रोकिए, जिन्होंने बैग लौटाया है। मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। मेरे लिए यह पैसा बहुत जरूरी है।'

'सर, अब मैं जा सकता हूं?' राजेंद्र ने पूछा।

'हां, आप जा सकते हैं। आपकी ईमानदारी सराहनीय है। रेलवे प्रशासन को मैं आपके लिए पुरस्कार की सिफारिश करूंगा। आप अपना नाम और पता नोट करवा दीजिए।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

'भाई साहब, जरा रुक जाइए। बैग की मालकिन आने ही वाली हैं, वो आपको व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हैं।' अजय ने आग्रहपूर्वक कहा।

'ठीक है।' राजेंद्र ने कहा और अपना बोरा किनारे रखकर बैठ गया। करीब पैंतालीस-पचास मिनट बाद मीनाक्षी पहुंची, थोड़ी हांफती हुई।

'माफ कीजिए, ट्रैफिक बहुत था, इसलिए देर हो गई।' मीनाक्षी ने कहा। फिर अपना आधार कार्ड देकर प्रक्रिया पूरी की। स्टेशन मास्टर ने उसे बैग सौंप दिया।

'भाई साहब, मैं आपकी ईमानदारी के लिए आपको दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। आज मेरी सैलरी मिली थी, वह कुछ ही घंटों में गुम हो गई। भीड़ में ट्रेन से उतरते समय हैंडल टूट गया था। ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं मिला। मैं आपको कुछ देना चाहती हूं, इसलिए देर हो गई। क्या आपको पता है कि आज रक्षा बंधन है?' मीनाक्षी ने अपने पर्स से एक राखी निकाली और मुस्कुरा दी। राजेंद्र ने बिना झिझक अपना हाथ बढ़ा दिया। मीनाक्षी ने पूरे स्नेह से उसे राखी बांधी। राजेंद्र ने अपनी फटी हुई जेब से एक छोटा पर्स निकाला। उसमें केवल दस रुपए का एक नोट था। उसने उस नोट को निकाला और कहा, 'मेरे पास बस यही है।' 'भैया, आपको कुछ भी देने की जरूरत नहीं है। आपकी ईमानदारी ही मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है।' मीनाक्षी ने कहा और अपने बैग की ओर इशारा किया, आगे बोली, 'मैं मिठाई नहीं ला पाई तो कृपया ये पैसे रख लीजिए। अपने लिए मिठाई खरीद लीजिएगा।' उसने बैग से पांच सौ के दो नोट निकाले और राजेंद्र को सौंप दिए।

राजेंद्र थोड़ा झिझका, लेकिन स्टेशन मास्टर और अजय ने उसे कहा, 'यह पैसा स्वेच्छा से दे रही हैं, इसे लेने में कोई बुराई नहीं है।' अंततः राजेंद्र ने पैसे ले लिए और कमरे से बाहर निकल गया।

'आज भी ऐसे नेक लोग हैं दुनिया में।' मीनाक्षी ने अजय से कहा। वह राजेंद्र को जाते हुए तब तक देखती रही, जब तक नजरों से ओझल नहीं हो गया। *

# 'राहुल बोले- कृषि कानून पर अरुण जेटली ने मुझे धमकाया था'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के हालिया बयान ने एक बार फिर सियासी भूचाल ला दिया है। शनिवार को कांग्रेस के वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली को लेकर ऐसा दावा कर दिया, जिसे भाजपा ने 'फेक न्यूज' करार देते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि जब अरुण जेटली का निधन 2019 में हो गया तो वह राहुल गांधी से मिलने 2020 में कैसे आ गए? दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, वो (अरुण जेटली) अब नहीं हैं, इसलिए मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए लेकिन फिर भी कहूंगा, अरुण जेटली जी को मुझे मिलने और धमकी देने के लिए भेजा गया था।'

राहुल ने कहा कि जेटली जी ने मुझसे कहा, 'अगर तुम इस रास्ते पर चलते रहे, सरकार का विरोध करते रहे और कृषि कानूनों पर हमसे लड़ते रहे, तो हमें तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी। मैंने जवाब दिया कि मुझे नहीं लगता कि आपको अंदाजा है कि आप किससे बात कर रहे हैं। हम कांग्रेस वाले हैं, डरते नहीं हैं, झुकते नहीं हैं। हमें तो अंग्रेज नहीं झुका पाए।'

## कांग्रेस के वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव में बोले कांग्रेस नेता

## भाजपा का पलटवार- 2019 में उनका निधन हुआ, 2020 में कैसे मिले?

**नेता प्रतिपक्ष के बयान से मचा बवाल , सत्तापक्ष के कई नेताओं ने साधा निशाना**



### फेक न्यूज फैला रहे राहुल : भाजपा

*राहुल गांधी के इस बयान पर सबसे तीखा जवाब आया बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय की ओर से. उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, 'फेक न्यूज अलर्ट!' उन्होंने आगे लिखा, 'राहुल दावा कर रहे हैं कि अरुण जेटली ने उन्हें 2020 में लाए गए कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। लेकिन तथ्य यह है कि जेटली का निधन 24 अगस्त 2019 को हो गया था, जबकि कृषि कानूनों का मसौदा पहली बार 3 जून 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष पेश किया गया था और ये कानून सितंबर 2020 में पास हुए।' मालवीय ने आगे कहा, 'ऐसे में यह दावा सरासर झूठा और भ्रामक है कि जेटली ने उन्हें किसी बात के लिए संपर्क किया। यह साफ है कि राहुल गांधी एक बार फिर टाइमलाइन को तोड़-मरोड़ कर अपनी राजनीतिक कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।'*

### हर बात में झूठ, कांग्रेस कब सुधरेगी : ठाकुर



बीजेपी सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी की हर बात झूठ है। हर साल झूठ बोलते हैं, वो सुधर नहीं सकते। रोज एक नया झूठ. कांग्रेस कब तक झूठ की राजनीति करेगी? राहुल को स्व. जेटली के परिवार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।'

### पिता की आत्मा को शांति से रहने दें : रोहन जेटली



*अरुण जेटली के बेटे और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भी राहुल गांधी की टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधी अब यह दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने कृषि कानूनों को लेकर उन्हें धमकी दी थी। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि मेरे पिता का निधन 2019 में हो गया था, जबकि कृषि कानून 2020 में लाए गए थे। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे पिता कभी किसी को किसी विचार के विरोध के लिए धमकाने वाले नहीं थे। वह एक सच्चे लोकतांत्रिक व्यक्ति थे जो हमेशा संवाद और सहमति में विश्वास रखते थे।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं राहुल गांधी से आग्रह करता हूं कि जो अब हमारे बीच नहीं हैं, उनके बारे में बोलते समय थोड़ी संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने मनोहर पर्रिकर के अंतिम दिनों को भी राजनीति से जोड़कर अपमानजनक हरकत की थी।'*

## 500 लोगों पर केस दर्ज, 17 गिरफ्तार, धारा 163 लागू

**पुणे में सांप्रदायिक हिंसा**

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तहसील स्थित यावत गांव में शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 500 से अधिक लोगों के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की हैं। हिंसा और आगजनी की घटनाओं के सिलसिले में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर एक युवक द्वारा सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के बाद गांव में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। इससे गुस्साए लोगों ने हिंसा करते हुए वाहनों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा। 'अब तक हिंसा से जुड़े पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से चार केस 500 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज हैं जो हिंसा, आगजनी और संपत्ति नुकसान में शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### खालिस्तान समर्थक अमृत पाल कराएगा डोप टेस्ट

**डिब्रूगढ़।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत बंद खडूर साहिब से सांसद और 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपने ऊपर लगे नशे के आरोपों पर बड़ा बयान दिया है। उनके वकील इमान सिंह खरा ने कहा कि अमृतपाल सिंह डोप टेस्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं और चाहते हैं कि वे नेता भी अपना डोप टेस्ट करवाएं जो उन पर नशे के आरोप लगा रहे हैं।



### पंजाब के किसान को पाक में एक माह की सजा

**चंडीगढ़।** पंजाब के फाजिल्का जिले के जलालाबाद के गांव खैरे से लापता किसान के बेटे अमृतपाल सिंह को पाकिस्तान की कोर्ट ने सजा सुनाई है। अमृतपाल को विदेशी कानून 1946 के तहत एक महीने की सजा और 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने की स्थिति में उसे 15 दिन अतिरिक्त जेल में रहना होगा। वे गलती से पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे। अमृतपाल को इस्लामाबाद की जेल में रखा गया है। इस फैसले से उनके परिजनों को कुछ राहत मिली है, क्योंकि अदालत ने सजा पूरी होने के बाद उन्हें भारत वापस भेजने (डिपोर्ट) के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# तेजस्वी ने कहा- वोटर लिस्ट से नाम गायब डीएम बोले- लिस्ट में 416 नंबर पर है नाम

*बिहार की राजनीति में उस वक्त हलचल मच गई जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उनका नाम नई वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तेजस्वी ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता न बरतने और टारगेटेड कार्रवाई का आरोप लगाया। वहीं, पटना डीएम ने उनके दावे को गलत बताते हुए सबूत के साथ उनका नाम सूची में दर्ज होने की बात कही।*

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने शनिवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चौंकाने वाला दावा किया कि उनका नाम नई वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि 'बीएलओ घर आई थीं, सत्यापन कर गईं, फिर भी मेरा नाम मतदाता सूची से गायब है।' उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब उनका नाम ही नहीं है, तो उनकी पत्नी का नाम कैसे होगा। तेजस्वी ने कहा, 'अब मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा?'

### स्क्रीन पर 'नो रिकाड्‌र्स फाउंड' लिखा आया

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपना ईपीआईसी नंबर दिखाते हुए ऑन-स्क्रीन प्रक्रिया साझा की। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम खोजना चाहा तो स्क्रीन पर ' नो रिकार्ड फाउंड' लिखा आया। तेजस्वी ने इसे 'चुनाव आयोग की टारगेटेड कार्रवाई'करार दिया और कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है।



**प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजद नेता ने चुनाव आयोग पर टारगेटेड कार्रवाई का लगाया आरोप**

**बिहार में वोटर पुनरीक्षण का चल रहा है कार्य विपक्ष के निशाने पर है चुनाव आयोग**

**इस साल के आखिर में होने हैं विधानसभा चुनाव**

### पटना डीएम ने किया दावा खारिज

*तेजस्वी यादव के आरोपों पर पटना के जिलाधिकारी एस.एन. त्यागराजन ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है और मीडिया में चल रही बातें तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। डीएम के मुताबिक, तेजस्वी यादव का नाम मतदान केंद्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में क्रम संख्या 416 पर दर्ज है। पहले उनका नाम मतदान केंद्र संख्या 171 पर था, जिसे अपडेट कर दिया गया है। डीएम कार्यालय ने बाकायदा उस बूथ लिस्ट की प्रति भी साझा की, जिसमें तेजस्वी यादव की तस्वीर और नाम स्पष्ट रूप से दिख रहा है।*

### 65 लाख नामों की कटोती पर गंभीर सवाल

तेजस्वी यादव ने सिर्फ अपने नाम की बात नहीं की, बल्कि राज्यभर से 65 लाख नामों के हटाए जाने पर भी चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि 'चुनाव आयोग ने यह नहीं बताया कि किस विधानसभा से कितने नाम क्यों हटाए गए।' उन्होंने कहा, 'हर विधानसभा से औसतन 20 से 30 हजार नाम हटा दिए गए हैं। आयोग ने यह नहीं बताया कि कौन शिफ्ट हुआ, कौन मृत है और किसका नाम डुप्लीकेट था।' उन्होंने चुनौती दी कि 'अगर चुनाव आयोग के पास कुछ छिपाने को नहीं है, तो वह बूथ वाइज डेटा सार्वजनिक करे. जिन लोगों के नाम कटे हैं, उनका कारण बताए।'

### सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग



तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि 'यह सिर्फ टेक्निकल क्लीनिंग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक धांधली है।' उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर भी सीधा हमला करते हुए कहा, 'अगर आप पारदर्शी हैं, तो सबकुछ सामने लाएं, वरना यह विश्वास टूट जाएगा।'

### चुनाव आयोग का बयान




चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 24 जून, 2025 तक 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा कर दिए थे, जो एसआईआर प्रक्रिया में लोगों की भारी भागीदारी का संकेत है। इसका मतलब है कि 65 लाख मतदाताओं के नाम 1 अगस्त की मसौदा सूची में शामिल नहीं होंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में नाम न होने के कारणों में मतदाता की मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत होना शामिल है।

## गुरुग्राम जमीन घोटाला : 28 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

# रॉबर्ट वाड्रा पर कसेगा शिकंजा, कोर्ट ने जारी किया नोटिस



**लेनदेन में कथित तौर पर किया गया था झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली की एक कोर्ट ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह नोटिस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले जारी किया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) सुशांत चंगोत्रा ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले मामले में वाड्रा और 10 अन्य प्रस्तावित आरोपियों की दलीलें सुनेंगे। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

बता दें, यह मामला वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी द्वारा फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी गई 3.5 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है। इस लेनदेन में कथित तौर पर झूठे दस्तावेज़ों का इस्तेमाल किया गया था। दावा है कि इसके तुरंत बाद, संपत्ति का स्काईलाइट के पक्ष में म्यूटेशन कर दिया गया और 24 घंटे के भीतर वाड्रा को हस्तांतरित कर दिया गया।

### ये हैं आरोप

आरोप है कि तत्कालीन कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने वाड्रा की कंपनी को तुरंत व्यावसायिक लाइसेंस दे दिया, जिससे ज़मीन का बाज़ार मूल्य नाटकीय रूप से बढ़ गया। सितंबर 2012 में स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने यह जमीन रियल्टी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी, जिससे कथित तौर पर वाड्रा को अप्रत्याशित लाभ हुआ। ईडी का आरोप है कि सौदों के इस क्रम से अपराध की आय उत्पन्न हुई, जिसका उपयोग वाड्रा और उनकी संबद्ध संस्थाओं द्वारा अन्य संपत्तियां अर्जित करने के लिए किया गया।

## बाढ़ से रेस्क्यू...




*प्रयागराज। उत्तर, मध्य भारत सहित देश के कई इलाकों में जमकर बारिश हो रही है। शनिवार को प्रयागराज में मानसून के मौसम में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में वृद्धि के बीच बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से निवासियों को निकाला जा रहा है।*

# 'आने दो... हमारे निशाने पर हैं अमेरिकी पनडुब्बी'


एजेंसी ▶▶| मास्को

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने के आदेश पर रूस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। रूस की संसद डूमा के एक वरिष्ठ सदस्य विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा है कि विश्व महासागरों में रूसी परमाणु पनडुब्बियों की संख्या अमेरिका की तुलना में कहीं अधिक है, और अमेरिकी पनडुब्बियां पहले से ही रूसी कंट्रोल रूम के रडार में हैं। वोडोलात्स्की ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टास से कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिन पनडुब्बियों को 'उपयुक्त क्षेत्रों' की ओर भेजने की बात कही है, वे पहले से ही हमारे नियंत्रण के अंतर्गत हैं। इसलिए रूसी संघ की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता नहीं है।' वोडोलात्स्की ने चुनौती भरे अंदाज में कहा, 'अमेरिका की दो पनडुब्बियों को आने दीजिए, वे पहले से ही हमारे निशाने पर हैं। अब जरूरत है कि रूस और अमेरिका के बीच एक मौलिक समझौता हो, जिससे दुनिया भर में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर जारी अटकलें समाप्त हों।'



## चैटजीपीटी की प्राइवेट बातचीत लीक, गूगल सर्च में दिख रही, मचा बवाल

**वाशिंगटन।** चैटजीपीटी यूजर्स की प्राइवेट चैट्स गूगल सर्च में दिख रही हैं। लाखों लोगों ने जो बातें चैटजीपीटी से की थी, वो सब गूगल पर दिख रही हैं। गूगल पर ये इंडेक्सिंग उन चैट्स की हो रही है, जो किसी से शेयर की गई थी। चैटजीपीटी की कोई भी बातचीत गूगल पर खोजी जा सकती है। इसके लिए आपको साइट : चैटजीपीटी.कॉम/शेयर के साथ उस टर्म को सर्च करना होगा। यानी आप इस कोड के साथ अगर मेंटल हेल्थ या कोई और कन्वर्सेशन टर्म सर्च करेंगे, तो आपको उससे जुड़ी चैट्स दिखने लगेंगी। हालांकि, ये कन्वर्सेशन सिंपल हैं और पर्सनल डिटेल्स कम हैं।





## कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

शाखा-संपदा साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष : 07759-221288, फैक्स: 07759-221929, पो बाक्स नं. 12 पिन कोड 495677
Website: www.korbamunicipal.in, Email: corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./संपदा/फ्री-होल्ड/2025 7034 कोरबा, दिनांक 31/7/2025

**आवासीय/व्यावसायिक लीज होल्ड भूखण्ड से फ्री-होल्ड करने हेतु आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा की योजनाओं के आवासीय/व्यावसायिक भवन/भूखण्ड के लीज को फ्री-होल्ड करने हेतु आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय, साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं :-

| स.क्र. | नाम | एरिया का नाम | भवन क्रमांक | भूखण्ड क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती त्रिवेणी कर्ष एवं श्री मगनलाल कर्ष | महाराणा प्रताप नगर | LIG-11 | |
| 2 | श्रीमती गीता गोस्वामी एवं श्री सगुण हंस गोस्वामी | महाराणा प्रताप नगर | LIG-82 | |
| 3 | श्री इनावक्षी चटर्जी एवं श्री अलीक भूषण चटर्जी | महाराणा प्रताप नगर | LIG-140 | |
| 4 | श्री महेन्द्र कुमार रात्रे एवं श्रीमती रागिनी रात्रे | महाराणा प्रताप नगर | LIG-267 | |
| 5 | श्रीमती सुनीता तिवारी | महाराणा प्रताप नगर | LIG-272 | |
| 6 | श्री सुभाष चन्द्र दास एवं श्रीमती सोमा दास | महाराणा प्रताप नगर विस्तार | MIG-I/07 | |
| 7 | श्रीमती नीली सिन्हा | महाराणा प्रताप नगर | MIG-03 | |
| 8 | श्री महेश वाधवानी | पं. रविशंकर शुक्ल नगर विस्तार | Sr.MIG-28 | |
| 9 | श्रीमती मधु चन्द्रा एवं श्री दीपक लाल चन्द्रा | पं. रविशंकर शुक्ल नगर | MIG-I/164 | |
| 10 | श्रीमती उर्मिला बधावन | नेहरू नगर | Sr.MIG-06 | |
| 11 | श्री संदीप सेठ | नेहरू नगर | Sr.MIG-16 | |
| 12 | श्री आकाश कुमार सिंघानिया | ट्रांसपोर्ट नगर | | 118 |
| 13 | श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल, श्रीमती वर्षा अग्रवाल, श्रीमती रितु बेरीवाल एवं श्री आकाश कुमार सिंघानिया | इंदिरा व्यावसायिक एवं आवासीय | | 36 |
| 14 | श्री जयप्रकाश टमकोरिया | इंदिरा व्यावसायिक एवं आवासीय | | 43 |
| 15 | श्री हनुमान प्रसाद मित्तल | पश्चिमी कोरबा | 415 | |
| 16 | श्री संजय सिंह | पश्चिमी कोरबा | | 20 |
| 17 | डॉ एम.एल. सोनार, श्रीमती मोतिम बाई शराफ, श्री दिनेश कुमार शराफ, श्री राजेश कुमार सराफ, श्री राकेश मोहन सराफ एवं श्रीमती अंजली स्वर्णकार | पश्चिमी कोरबा | | 55 |
| 18 | श्रीमती शोभन सिंह | पश्चिमी कोरबा | | 40 |
| 19 | श्री रमेश कपिलेश | पश्चिमी कोरबा | | 51 |
| 20 | प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा संचालिका ब्रम्हाकुमारी रूकमणी (बी. के. रूकमणी) | पश्चिमी कोरबा | | 341 |
| 21 | पंजाब नेशनल बैंक दर्री | पश्चिमी कोरबा | 233, 233A, 234, 359, 360, 361, 362, 363 & 364 | |

नोट :-निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन/आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छ.ग.)


## अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु शुक्ला ने पहली बार की बातचीत, सुनाए मजेदार किस्से

# 'लैंडिंग के बाद अपना फोन तक भारी लगने लगा था'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एएक्स-4 अंतरिक्ष मिशन से धरती पर सफलतापूर्वक लौटने के बाद भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल ने पहली बार मीडिया से बातचीत की और माइक्रोग्रैविटी के बाद पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से दोबारा तालमेल बैठाने की अनूठी चुनौतियों के बारे में खुलकर जिक्र किया। शुक्ला ने कहा कि पहली बार जब हम पृथ्वी से बाहर निकले तो हमें एहसास हुआ कि गुरुत्वाकर्षण कितना महत्वपूर्ण है।

अंतरिक्ष में जब ग्रैविटी खत्म हो जाती है तो शरीर को उस शून्य गुरुत्व वाले वातावरण में ढलने में समय लगता है और जब आप वापस लौटते हैं, तो फिर से उसी प्रक्रिया से गुजरना होता है। उन्होंने मुस्कराते हुए बताया कि जब लैंडिंग के बाद उन्होंने अपना फोन मांगा तो उसे पकड़ते ही हैरान रह गए, क्योंकि स्पेस से लौटने के बाद फोन भी भारी लगने लगा था। ये अनुभव इस बात का प्रमाण है कि अंतरिक्ष में शरीर किस तरह से खुद को हल्का महसूस करने का अभ्यस्त हो जाता है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में 20 दिनों के अंतरिक्ष मिशन के अनुभव किए साझा



### एक और घटना बताई

*एक और घटना के बारे में उन्होंने बताया- मैं अपने बिस्तर पर बैठा था। मैंने अपना लैपटॉप बंद किया और बिस्तर से किनारे खिसका दिया। मैंने सोचा वह हवा में तैरता रहेगा। शुक्र है, फर्श पर कालीन बिछी थी इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ। भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने 20 दिनों के अंतरिक्ष मिशन और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 18 दिनों तक रहने के अनुभव साझा किए। शुक्ला ने पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ फिर से तालमेल बिठाने का अपना अनुभव बताया। उन्होंने कहा- धरती पर लौटने के बाद मैंने फोटो लेने के लिए मोबाइल मांगा। जिस समय मैंने मोबाइल पकड़ा, मुझे लगा वह बहुत भारी है।*

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हरिभूमि-आईएनएच...

के साथ अलग-अलग सत्रों में चर्चा होगी। साथ ही छत्तीसगढ़ में शिक्षा के लिए समर्पित शिक्षकों का सम्मान होगा।

### भविष्य की उच्च...

बिलासपुर अरविंद कुमार तिवारी, वाइस चांसलर कलिंगा यूनिवर्सिटी डॉ. आर श्रीधर के साथ उच्च शिक्षा पर चर्चा होगी।

### दो नन समेत...

तस्करी का आरोप भी गलत है। युवतियां बालिग हैं और अपनी मर्जी से नौकरी करने जा रही थीं। **थाने में हाजिरी के साथ जांच में सहयोग करना होगा-** सरकारी वकील दाऊराम चंद्रवंशी की ओर से जवाब में कहा गया कि मामला अभी जांच के शुरुआती स्तर पर है। ऐसे में जमानत देने से जांच प्रभावित हो सकती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एनआईए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख था। शनिवार को प्रिंसिपल एंड डिस्ट्रिक्ट जज सिराजुद्दीन कुरैशी की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 50-50 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी है। जमानत में शर्त है कि सभी आरोपी देश नहीं छोड़ सकते और उन्हें अपना पासपोर्ट थाने में सरेंडर करना होगा। थाने में बुलाने पर हाजिरी भी देनी होगी और जांच में सहयोग करना होगा।

### जमानत दी, जारी...

खासकर बच्चों या महिलाओं से जुड़े मामलों में एफआईआर होते ही गिरफ्तारी अनिवार्य होती है। वहीं सजा की बात करें तो कोर्ट 10 साल की सजा, आजीवन कारावास और जुर्माना लग सकता है। एडवोकेट के मुताबिक कोर्ट ने जमानत दी है लेकिन मामले की जांच जारी रहेगी।

### दोपहर 3 बजे...

विधायक रोजी एम जॉन ने बताया कि हर्ष की बात हम सभी वेट कर रहे थे, जबरन जेल भेजा गया था। केस पूरी तरह से फर्जी है। जो भी इन पर आरोप था सबुत पेश नहीं कर पाए। अब केस को पूरी तरह से खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। सत्य की जीत हुई है।

### बैज ने कहा- ननों...

लिए जा रहे थे। महिला ने यह भी बताया कि बजरंग दल के लोगों ने इन आदिवासी महिलाओं के साथ मारपीट भी की थी। एक तरफ भाजपा सरकार महिलाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, महिलाएं रोजी-रोटी की तलाश में पलायन कर रही हैं, दूसरी तरफ स्वेच्छा से नौकरी के लिए बाहर जाने वाली महिलाओं को प्रताड़ति किया जा रहा, उनकी मदद करने वालों पर झूठे आरोप लगाकर राजनीति की जा रही थी।

### पूर्व पीएम देवगौड़ा...

हुए पूर्व सांसद पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।घरेलू सहायिका ने पिछले सार प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ चार मामले दर्ज कराए थे। शुक्रवार को अदालत ने इन चारों मामले में रेवन्ना को दोषी करार दिया। पीड़िता की ओर से लगाए सभी आरोप अदालत में सही साबित हुए। इसके बाद न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने रेवन्ना को दोषी करा दे दिया था. आज अदालत ने सजा का ऐलान भी कर दिया है। **26 गवाहों से हुई थी पूछताछ-** इस मामले में अभियोजन पक्ष ने 1632 पेजों की चार्जशीट पेश की थी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक और गैर-इलेक्ट्रॉनिक सबूत के साथ-साथ 183 डॉक्यूमेंट्स भी पेश किए गए थे। इसके साथ-साथ इस मामले में पीड़िता के परिवार के साथ-साथ 26 गवाहों से पूछताछ हुई थी। अदालत ने इस मामले में जल्द से जल्द फैसला सुनाने के लिए 2 मई से लगातार सुनवाई कर रही थी।

### सैलरी 15,000...

उनकी पत्नी और उनके भाई के नाम पर थीं। निदागुंडी और केआरआईडीएल के एक पूर्व इंजीनियर, जेडएम चिंचोलकर ने कथित तौर पर 96 अधूरे प्रोजेक्ट के लिए जाली दस्तावेज तैयार करके 72 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़प ली। लोकायुक्त के अधिकारी उन सरकारी अधिकारियों पर छापे मार रहे हैं, जिन पर अपनी ज्ञात आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। मंगलवार को उन्होंने हासन, चिक्काबलापुरा, चित्रदुर्ग और बेंगलुरु में पांच सरकारी अधिकारियों से जुड़े स्थानों पर तलाशी ली। लोकायुक्त के रडार पर आने वाले अधिकारियों में हसन के एनएचएआई डिवीजन के कार्यकारी इंजीनियर जयन्ना आर, ग्रामीण पेयजल और स्वच्छता विभाग चिक्काबालापुरा के जेई अंजनेय मूर्ति; चित्रदुर्ग के हिरियुर के तालुक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वेंकटेश, एन वेंकटेश, राजस्व अधिकारी, बीबीएमपी दशरहल्ली उप-मंडल, बेंगलुरु में शेट्टीहल्ली; और के ओम प्रकाश वरिष्ठ, सहायक बागवानी निदेशक, बेंगलुरु में बीडीए प्रधान कार्यालय हैं।

### सालों पुराने रिकार्डों...

तहसील कार्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। **तहसील में चालू वर्ष से लेकर 1953-54 तक के रिकॉर्ड-** शास्त्री चौक के पास स्थित पुराना तहसील कार्यालय को नर्सिंग हास्टल की बिल्डिंग में शिफ्ट हुए करीब तीन से चार माह हो चुका है। तहसील कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद तहसील का पूरा स्टॉफ भी नर्सिंग हास्टल बिल्डिंग में शिफ्ट हो चुका है। शिफ्ट नहीं हुआ था, तो रिकॉर्ड रूम एवं तहसीलदारों के कोर्ट रूम की आलमारियों में रखे पुराने रिकार्ड, रिकार्ड रूम एवं आलमारियों में चालू वर्ष से लेकर वर्ष 1953-54 तक के रिकार्ड रखे हुए हैं। **भवन को तोड़ने से पहले शिफ्ट किए जा रहे रिकार्ड-** पुराना तहसील भवन की जगह चार मंजिला नई तहसील बिल्डिंग बनने जा रही है। इस बिल्डिंग के निर्माण संबंधी कार्य का ऑर्डर जारी हो चुका है। इसके बाद भवन को तोड़ने के लिए पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है।

### बारिश बनी बाधा,...

इसकी अवधि एक सप्ताह घटाने का फैसला किया। कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने यहां बताया, हाल ही में हुई भारी बारिश और श्री अमरनाथजी यात्रा मार्ग के बालटाल और पहलगाम दोनों छोरों पर मार्ग के रखरखाव की आवश्यकता के कारण दोनों मार्गों पर यात्रा बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा, यह देखा गया कि मार्ग पर लगातार श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती के कारण हम यात्रा को कल से पुनः आरंभ नहीं कर पाएंगे।

### 127 साल बाद...

स्थापित करने के दौरान अर्पित किए गए प्रसाद शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रत्नों की वापसी को सांस्कृतिक विरासत के लिए एक खुशी का दिन बताया। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हर भारतीय को इस बात पर गर्व होगा कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद स्वदेश लौट आए हैं। ये पवित्र अवशेष भगवान बुद्ध और उनकी महान शिक्षाओं के साथ भारत के घनिष्ठ जुड़ाव को दर्शाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### पीएम बोले- दुनिया...

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के अलावा कई अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री का वाराणसी का 51वां दौरा है।

### 25वें वसुंधरा सम्मान...

चार दशकों से अधिक समय की है। 1986में उस समय की श्रेष्ठ पत्रिकाओं में शुमार माया पत्रिका से हिंदी पत्रकारिता में पदार्पण करने के पूर्व राहुल देव अंग्रेजी के राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं दि पायनियर, इलस्ट्रेटेड वीकली तथा द वीक में काम कर चुके थे। वे प्रोब और करेंट में भी रहे। राहुल देव देश के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र जनसत्ता के भी संपादक रहे। शीर्षस्थ न्यूज चैनल आज तक से टीवी पत्रकारिता की शुरुआत करके राहुल देव ने दूरदर्शन समाचार, जी न्यूज़ एवं जनमत में शीर्ष जिम्मेदारियां निभाई। वे सीएनबीसी के प्रधान सम्पादक व सीईओ रहे।वे 2015 से 2019 तक लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित अध्यक्षीय शोध कदम के मानद सलाहकार रहे। पत्रकारिता के अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित राहुल देव 2017 में राष्ट्रपति द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित हुए।

### कर्ज चुकाने बनाई...

लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। दीपेश ने बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा पूछेली गांव के पास रास्ता रोककर लूट की कहानी सुनाई। उसने पुलिस को बताया कि बाइक सवार नकाबपोश बदमाश रुपए से भरा बैग और लेपटॉप लेकर भाग निकले। दिनदहाड़े लूट की सूचना पर हड़कंप मच गया। जगह-जगह नाकाबंदी कर लुटेरों की खोज की गई। साइबर टीम भी एक्टिव हुई और सीसी टीवी फूटेज खंगाले गए लेकिन घटनास्थल पर लूट के कोई सबूत नहीं मिले। पुलिस ने पूछताछ में दीपेश के बयान में लगातार विरोधाभास पाया और जब कड़ाई से सवाल हुए तो दीपेश की झूठी कहानी की पोल खुल गई। आरोपी दीपेश ने फर्जी लूट को कबूल किया। एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने शनिवार की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। दरअसल दीपेश धान व्यापारी किरीत सिन्हा के यहां काम करता है। वह शुक्रवार की दोपहर व्यापारी का 11 लाख 80 हजार रुपए लेकर चाम्पा बैंक में जमा कराने निकला। दीपेश की 6 माह पहले ही शादी हुई थी, जिस पर काफी खर्च हो चुका था और उस पर करीब 8 लाख का कर्ज था। मोटी रकम देखकर उसकी नीयत डोल गई। कर्ज चुकाने के लिए उसने लूट का नाटक रचा और पूरा पैसा अपने घर में छिपाकर लूट की झूठी कहानी मालिक व पुलिस को सुना दी। पुलिस ने दीपेश देवांगन के ग्राम चोरिया के घर से लूट की रकम बरामद की। ग्राम चोरिया निवासी 25 वर्षीय दीपेश देवांगन पिता शत्रुघ्न देवांगन को अमानत में ख़यानत और पुलिस को झूठी सूचना देकर भ्रमित करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया। धारा 217, 316(2) बी एन एस के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शुरू से था शक...

बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन घटनास्थल से किसी भी प्रकार की लूटपाट के साक्ष्य नहीं मिले। दीपेश देवांगन के बयानों में विरोधाभास होने व संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से पुलिस का संदेह गहरा हो गया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

### सीएम ने किया...

भी शामिल हैं। 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने में सिर्फ 6 सांसद, विधायक ही सफल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ भाजपा के सदस्यता अभियान में इतना बड़ा लक्ष्य हमने प्राप्त किया है, इसलिए बहुत ही गौरव का अनुभव हो रहा है। पार्टी के समर्पित व परिश्रम की पराकष्ठा करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान आज यहां हुआ है। तीन महीने तक चले सदस्यता अभियान को हम सभी ने संगठन महापर्व के रूप में मनाया है। यह पूरा अभियान हमारे प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव और उनकी पूरी टीम तथा सक्रिय सदस्यता अभियान संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रदेश में चला है। 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्यता का लक्ष्य हमने हासिल किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम की पराकाष्ठा के चलते लगातार चार चुनावों में भाजपा के प्रति अगाध स्नेह व समर्थन व्यक्त हुआ है। श्री देव ने सभी कार्यकर्ताओं से इसी उत्साह व ऊर्जा के साथ भविष्य में भी संगठन और जनसमर्थन के विस्तार में जुटे रहने का आह्वान किया। **दिलचस्प आंकड़े-** भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा, इस पूरी यात्रा में पहले 10 दिन में 2.69 लाख सदस्य बनाए। भाजपा सदस्यता अभियान के 20वें दिन 10 लाख से ऊपर पहुंच गए। 30वें दिन 18 लाख, 40वें दिन 26 लाख, 50वें दिन 32 लाख, 60वें दिन 41 लाख, 70वें दिन 55 लाख और 86वें दिन 60 लाख की सदस्यता को पार किया। श्री सिंहदेव ने बताया सामान्य वर्ग के 18 प्रतिशत, ओबीसी वर्ग के 54 प्रतिशत, अजजा वर्ग के 18 प्रतिशत, अजा वर्ग में 9 प्रतिशत, महिला 20 प्रतिशत और पुरुष 80 प्रतिशत ने सदस्यता ग्रहण की। **20 हजार सदस्य बनाने वाले महज 6-** श्री सिंहदेव ने बताया, एक हजार से 3 तक सदस्य कुल 115 लोगों ने बनाया, इसी तरह 3 हजार से 5 कुल 50 लोगों ने, 5 हजार से 10 हजार तक कुल 20 लोगों ने, 10 हजार से 20 हजार कुल 51 लोगों ने एवं 20 से अधिक कुल 6 लोगों ने सदस्यता के लक्ष्य को पार किया है। इनमें विधायक रिकेश सेन, सांसद चिंतामिण महराज, रूपकुमारी चौधरी, तोखन साहू, भावना बोहरा और प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का...

जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, भरत वर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखन लाल देवांगन, दयाल दास बघेल सभी सांसद और विधायकों के साथ ही प्रदेश संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# पूर्व सीएम बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब, कोयला और महादेव सट्टा एप जैसे घोटालों में नाम आने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। इस याचिका के जरिए उन्होंने मांग की है कि उन्हें इन मामलों में उन्हें गिरफ्तार नहीं कर जांच में सहयोग का अवसर दिया जाए। उन्होंने दायर की याचिका में यह भी उल्लेख किया है कि जिस तरह उनके बेटे चैतन्य बघेल को राजनीतिक द्वेष के चलते गिरफ्तार किया है। उसी तरह उन्हें भी निशाना बनाकर गिरफ्तारी की जा सकती है।

## याचिका पर सोमवार को सुनवाई

सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपनी याचिका में कहा है कि वे जांच में पूरा सहयोग देंगे, लेकिन गिरफ्तारी से उन्हें राहत दी जाए। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हो सकती है। इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। चैतन्य बघेल की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि न तो उनका नाम शराब घोटाले की ईडी एफआईआर में है और न ही किसी के बयान में उनका उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद राजनीतिक द्वेष के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई है। चैतन्य वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उल्लेखनीय है कि श्री बघेल की यह याचिका ऐसे समय में दाखिल की गई है, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों ने संबंधित मामलों की जांच तेज कर दी है। इससे पहले शराब घोटाले में जेल में बंद पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ने भी सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी से राहत की मांग करते हुए इसी प्रकार की याचिका दाखिल की थी।

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744525

HMS शिव साइटिका तेल
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुदमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभ्रम, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
S.M. OIL
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रैक्चर आदि में परम गुणकारी
सभी आयुर्वेदिक एवं एलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. 9425296176

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** 5वर्ष अनुभवी John Bean व्हील एलाइन्मेंट, बैलेंसिंग, टायर चेंजिंग एवं नाइट्रोजन फिलिंग कार्य करने के लिए ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8927400000 (38363)

**आवश्यकता है-** एजेन्सी में छोटा हाथी, ऑटो ड्राइवर एवं सप्लाई हेतु पार्टटाइम शाम को 2-3 घंटो के लिये लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क- महावीर एजेन्सी MIG-15 नेहरू नगर रोड, बिलासपुर 9755885780, 98930 56083 (38364)

**आवश्यकता है-** Darshan EMU India Pvt. Ltd. कम्पनी में आफिस एवं सेल्स कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वृन्दावन प्लाजा नेहरु चौक बिलासपुर 9238779974, 934340 0633 (38369)

**आवश्यकता है-** सिविल इंजीनियर एवं रजिस्ट्री कार्य, बैंक कार्य, कम्प्यूटर हेतु आपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9343944160, 75661 78725 (38354)

**आवश्यकता है-** महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय पानी, पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक, TKR, THR, Joints की सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco, I10 Nexon चलाने वेतन 8000- 30000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम, MIG-70 नेहरू नगर बिलासपुर 9326609234 (38344)

**आवश्यकता है-** छोटी फैमिली में घरेलू काम झाड़ू, पोछा, बर्तन हेतु सुबह 8 से दोपहर 12बजे तक महिला चाहिए जो महाराणा प्रताप चौक के आस पास रहती हो सम्पर्क करें- 8085681072, 88715 63925 (38362)

**आवश्यकता है-** नौकरी की भर्ती ऑथर्स क्लिक प्रकाशन में टेलीकॉलर (केवल लड़कियों के लिए। योग्यता स्नातक (किसी भी क्षेत्र से) स्थान वासुदेव कॉम्प्लेक्स, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर सम्पर्क करें- 8815446519 (38368)

**आवश्यकता है-** अनुभवी PRO (Public Relations Officer) फील्ड वर्क अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है सम्पूर्ण करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (38351)

**आवश्यकता है-** Aquaguard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 90390 14222, 8962337374 (38358)

**आवश्यकता है-** एक्सपर्ट सेल्समेन की ज्वेलरी दुकान में आवश्यकता है। ज्वैलरी लाइन के अनुभवियों को प्राथमिकता। स्टॉक मैनेजमेंट एवं बेसिक कंप्यूटर की जानकारी अनिवार्य। वेतन 10000 से 16000 योग्यतानुसार। संपर्कः- शिव कुमार, रमेश कुमार ज्वेलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर। मो- 9108166106, 70244 20898. (208)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार पता- श्री शंकर इंटरप्राइजेज (इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम) तेलीपारा बिलासपुर सम्पर्क करें 9691169665 (38361)

**आवश्यकता है-** घर में खाना बनाने वाली बाई की आवश्यकता है सुबह 7:30 बजे और शाम को 4:30 बजे पता - विद्या नगर बिलासपुर सम्पर्क करें- 9685901101 (38340)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में फील्ड में काम करने के लिए लड़का, लड़की, महिला, पुरुष की आवश्यकता है जो डोर टू डोर मार्केटिंग कर सके वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9109511248, 9993711248 (38341)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर जो बिलिंग का काम एवं कम्प्यूटर चलाना जानता हो एवं एक और लड़के की मेडिकल दुकान में काम करने के लिए आवश्यकता है संपर्क करें:- 8319774327, 74898 74508 (38325)

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जींस, बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 8889993188 (38322)

**आवश्यकता है-** वेल्डर, हेल्पर फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस सरकंडा बिलासपुर 9039524801, 9753511108 (38347)

**आवश्यकता है-** बुजुर्ग महिला के लिए केयर टेकर (हाउस किपिंग कार्य जो पेट से मोशन साफ कर सके) की। कार्य समय- रात्रि 8 से सुबह 8 बजे, (वेतन योग्यता अनुसार) सम्पर्क करें- 9131150362 (38360)

**आवश्यकता है-** 24/12 घण्टे कार्य हेतु जिम्मेदार एवं भरोसेमंद महिला कर्मचारी (वार्डन) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। कार्य स्थल- गर्ल्स हॉस्टल, कोनी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के सामने बिलासपुर सम्पर्क करें 8357988484 (38350)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में ऑर्डर बुकिंग एवं वसूली करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबन्द बिलासपुर 91110 00629 (38348)

**आवश्यकता है-** (1) आफिस बॉय (Peon) (2) ग्राफिक डिजाइनर (Corel Draw- 3 To 5Yrs Exp.) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साई बाबा पैकेजिंग लैण्डमार्क कॉम्पलेक्स पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 6232377943 (38349)

**आवश्यकता है-** फुल टाइम जूनियर अकाउंटेंट की आवश्यकता है। अकाउंट्स और सॉफ्टवेयर (Tally), बैंक से संबंधित कार्य, MS Word, Excel, PPT, Gmail की जानकारी अनिवार्य। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतनः 15000- 18000/- योग्यतानुसार। संपर्कः- शिव कुमार, रमेश कुमार ज्वेलर्स, सदर बाजार, बिलासपुर। 7024420898, 9108166106 (207)

**आवश्यकता है-** एजेन्सी हेतु डिलीवरी बॉय, पैकिंग हेतु लड़के, लड़की एवं छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है पेमेन्ट 6500 से 8500 सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 99261 99500 (38346)

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am से 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 90747 41377 (205)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की, पद संख्या- 940 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 24500 से 52500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा- 09877380221 (1071)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे, रहना फ्री, सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8085106943 (191)

क्या आपको अपनी लाडली के लिए अच्छा वर चाहिए...
तो हमसे जुड़िए... या आपको तलाश है... एक अच्छी बहु की...
हरिभूमि वैवाहिकी

वधु चाहिए
सुन्नी मुस्लिम मंसूरी मध्यप्रदेश निवासी, तलाकशुदा निःसंतान 44/5'6"/ BE/Manager/IT MNC, आय 20+LPA वर हेतु वधु चाहिए
+91 88155-29586

वधु चाहिए
जाति, उम्र, दहेज बन्धन नहीं
सरकारी, नौकरी, पेशा, मासिक आय 1.50 लाख से ज्यादा वर हेतु उच्च शिक्षित/ संस्कारी वधु चाहिए नौकरी पेशा, व्यवसायी, अकेली संतान, MBBS, BAMS, BHMS, BEMS, BSC, MSC, नर्सिंग, NET, SET, PHD को प्राथमिकता
(टीप- नौकरी पेशा, व्यवसायी, अकेली संतान, डॉक्टर, इंजीनियर हो तो विधवा, तलाकशुदा, निसंतान, बच्चे वाले भी फोन कर सकते हैं)
-सम्पर्क करें- 8319734310

**आवश्यकता है-** सलाह सर्विसेस ऑफिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलिंग, फील्ड कार्य हेतु स्टाफ की ज़रूरत है (वेतन- 6000 से 15000/-) संपर्कः- 2nd फ्लोर, लैंडमार्क काम्प्लेक्स, करबला रोड, पुराना बसस्टैंड, बिलासपुर 6269020001, 62690 20002 (206)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास छात्रों की आवश्यकता है जो कानपुर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ प्रमोशन+ रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 8770508791, 72258 15090 (604)

## बेचना

**बेचना है-** पारिजात एक्टेंशन 2BHK, नेहरू नगर 3BHK मकान, गीतांजलि सिटी फेस-2 सरकंडा 1500 वर्गफुट प्लाट, ट्विन प्लाजा अग्रसेन चौक डबल डेकर दुकान स्मार्ट रोड+ रिंग रोड कॉमर्शियल प्लाट सम्पर्क 9644094606, 9981994606 (38345)

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक सांई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) सम्पर्क करें- 8461997770, 9329940681 (38366)

**बेचना है-** सरकंडा माता चौरा बिही बाड़ी के पास साइज 33×58= 1914 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट बेचना है हॉस्टल के लिए उपयुक्त स्थान है सम्पर्क करें- 9302544949 9827176023 (38357)

**बेचना है-** न्यू बस स्टैण्ड तिफरा के समीप यदुनन्दन नगर में 950 वर्गफिट डबल रोड डायवर्टेड जमीन एवं पूर्व मुखी डबल स्टोरी 3BHK मकान लाल ईट, फालसीलिंग मॉड्यूलर किचन सम्पर्क करें- 9826314444 (38359)

**बेचना है-** बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 62625 25232 (38321)

**बेचना है-** HDFC बैंक सरकंडा के पास 43×180, लोयला स्कूल के पास 80×130, सरस्वती कॉलेज के सामने 100×130, सेंदरी सकरी हाइवे रोड ऊपर काके दी ढाबा के पास निरतू कोनी बिलासपुर 65×184, 132×184 का शानदार प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9406441535, 93008 78897 (38367)

## खरीदना

**खरीदना-** बिलासपुर से अधिकतम 15 कि.मी. की दूरी पर मेन रोड से लगी हुई कृषि भूमि खरीदना है। कृपया भूमि स्वामी ही सम्पर्क करें- 83490 54531 (38365)

## किराया

**किराया-** नेहरू नगर हनुमान मंदिर गांधी गार्डन के सामने एक बड़ा हाल, चार बेडरूम, किचन, दो लेटबाथ, पोर्च सहित सर्वसुविधायुक्त मकान परिवार/ कार्यालय हेतु किराया देना है सम्पर्क करें- 79877 85522, 8319926096 (38352)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## फायनेंस

**फायनेंस-** माइक्रो फाइनेंस रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (2% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्क 9311830460 (204)




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नेशनल बैंक ओपन टेनिस : फ्रिट्ज ने दिखाया दम, डायलो को मात देकर तीसरे दौर में पहुंचे, शेल्टन भी आगे बढ़े

## फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6- 4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3- 6, 6-3, 6-4 से हराया।

### बेन शेल्टन ने ब्रेंडन नकाशिमा को दी मात

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।



### सेवास्तोवा से हारी जेसिका

दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया।

■ अनास्तासिया का अगला मुकाबला जापान की नाओमी ओसाका से





### स्वियातेक का जीत का अभियान जारी

अन्य मैचों में विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी । पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपनः दीक्षा ने कट में बनाई जगह

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए एआईजी महिला ओपन में एक ओवर 73 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर का कार्ड खेला था और अब दो दौर में वह इवन पार पर बनी हुई हैं। वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वह यहां छठी बार हिस्सा ले रही हैं लेकिन दूसरी दफा ही कट हासिल कर पाईं। पिछली बार 2023 में संयुक्त 21वें स्थान पर रहना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

### प्लात्जमैन ओपन : नील्स मैकडोनाल्ड से हारे नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लात्जमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिए खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी।

## पांचवां टेस्ट : टीम इंडिया ने खड़ा किया 396 का बड़ा स्कोर, इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट

# भारत के नाम रहा तीसरा दिन, यशस्वी का शतक, आकाश,जेडजा,सुंदर की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट मैच में तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 396 बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य दिया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 118 रन बनाए। आकाशदीप ने 66 जबकि वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा ने 53 - 53 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने पांच जबकि गस एटकिंसन ने तीन और जैमी ओवरटन ने दो विकेट लिए। इंग्लैंड ने तीसरे दिन जीत के लिए 374 रन का पीछा करते हुए भारत के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 50 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने दिन के आखिरी ओवर में जैक क्रॉली (14) को बोल्ड किया। श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रन की जरूरत है जबकि भारत को नौ विकेट की दरकार है।

### यशस्वी ने विदेश में बनाए सर्वाधिक रन

ओवल टेस्ट मैच की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने शतकीय पारी खेल कर रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। जायसवाल भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इकलौते ऐसे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं, जिनके नाम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे पर 300 से ज्यादा रन बनाने का कमाल दर्ज हो। ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर (2024/25) जायसवाल ने 391 रन बनाए थे।



### भारत ने तोड़ा 47 साल पुराना रिकॉर्ड

5 मैचों की खेली गई टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से अब तक 12 शतक आए। भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी भी सीरीज में लगाए गए ये सबसे ज्यादा शतक हैं। इससे पहले भारतीय टीम की ओर से लगभग 47 साल पहले यानी साल 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में 11 शतक आए थे। वहीं साल 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने कुल 9 शतक बनाए थे। यानी अब इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने 12 शतक लगाकर इतिहास रच दिया।

### जायसवाल बने विश्व क्रिकेट के दूसरे बल्लेबाज

जायसवाल बतौर ओपनर टेस्ट में 6 शतक लगाने में सफल हो गए है। 23 साल की उम्र में सलामी बल्लेबाज की ओर से सर्वाधिक टेस्ट शतक लगाने वाले जायसवाल विश्व क्रिकेट के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ साउथ अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ हैं, जिनके नाम बतौर ओपनर 23 साल की उम्र तक कुल 7 शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके साथ-साथ जायसवाल ओवल में किसी मेहमान ओपनर बल्लेबाज की ओर से 100+ स्ट्राइक रेट पर 50+ स्कोर करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ओवल में 100+ स्ट्राइक रेट के साथ 50 + स्कोर करने वाले जायसवाल से पहले श्रीलंका के पथुम निस्सांका और क्रिस गेल थे।

### जडेजा ने लक्ष्मण को पीछे छोड़ा

रविंद्र जडेजा भारत के लिए छठे नंबर या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। वह विदेशी सरजमीं पर ये कारनामा करने वाले तीसरे भारतीय बने। रविंद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। लक्ष्मण ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2002 में 474 रन बनाए थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने 1984/85 में इंग्लैंड के खिलाफ 374 रन जड़े थे।

## क्रिकेट

# आपसी तालमेल और विश्वास के कारण भारत की वापसी : प्रसिद्ध



एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढ़त लेने दी।

प्रसिद्ध ने कहा, 'हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है।'

उन्होंने कहा ,'हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहे।' मोहम्मद सिराज ने 16-2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने गेंदबाजों के तालमेल के बारे में कहा ,'हम काफी समय से साथ खेल रहे हैं और आईपीएल में भी मैं उसके साथ खेला हूं।

### रूट को चिढ़ाना रणनीति का हिस्सा : प्रसिद्ध

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 'अच्छे दोस्त' जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आमतौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा ,'यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया।'

### मैत्री मैच खेलने पर स्वीटी की नजरें

उदयपुर। एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए भारत को 12 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं और अनुभवी सेंटर-बैक स्वीटी देवी नगांगबाम का मानना है कि इन मुकाबलों से मिलने वाला अनुभव फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के उनके सपने को मजबूत करेगा।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# महाराष्ट्र सरकार ने ग्रैंडमास्टर दिव्या को पुरस्कार से नवाजा

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया, जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं, जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं।



### सीजेआई गवई ने दिव्या से की मुलाकात

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य न्यायाधीश अमरावती से हैं और दिव्या के दादा स्वर्गीय डॉ. केजी देशमुख कभी संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति थे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनके पिता और स्व.केजी देशमुख बहुत करीबी दोस्त थे। उन्होंने कहा, ' हम एक परिवार की तरह पले-बढ़े हैं। यहां आना मेरे लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था। मैं 50-55 साल पीछे चला गया और मैंने फिर से सभी पुरानी यादों को ताजा किया। यह मेरे लिए लंबे समय के बाद सब से मिलने का यह शानदार मौका था। मैं यहां दिव्या को अपनी शुभकामनाएं देने आया हूं। उसने हम सभी को बहुत गौरवान्वित किया है।'



### मैं बच्चों के लिए प्रेरणा का हिस्सा बनी : दिव्या

दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी।

# साउथ जोन के कप्तान बने तिलक वर्मा, सलमान, साई किशोर, देवदत्त को मौका



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से होगी और इसका फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से खेला जाएगा। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में नार्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट और नार्थ-ईस्ट जोन की टीमें हिस्सा लेंगे और इस सीजन के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के इस सीजन के लिए साउथ जोन ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया और इस सीजन के लिए तिलक वर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है जबकि टीम के उप-कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन होंगे।

# स्कॉटिश चैलेंज : तलवार ने कट किया हासिल

**रॉक्सबर्ग (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने फार्मफूड्स स्कॉटिश चैलेंज में दूसरे दौर में एक ओवर 72 के कार्ड के साथ कट हासिल किया। आर एंड ए की ओर से समर्थित इस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर चार अंडर का है। वह संयुक्त 37वें स्थान पर है। तलवार दूसरे दौर के शुरुआती नौ होल में तीन बर्डी लगाने के बाद अच्छी स्थिति में थे लेकिन वह 11 होल में बोगी और 16वें होल में एक ट्रिपल बोगी कर बैठे। स्पेन के क्विम विडाल ने दूसरे राउंड में छह अंडर 65 के स्कोर के साथ शीर्ष पर दो स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली।



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)**
Ph.: 07836-232252, E-mail. pgcollege.bkp@gmail.com

क्रमांक/334/स्था. / अ.व्या. भर्ती / 2025 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 25/07/2025
परिशिष्ट 1


**अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) के सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 05 .08 .2025 को सायं 5 .00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :-विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय की वेबसाईट https://rpspgc.edu.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
शास. राप्रसिंह. स्नात. महाविद्यालय बैकुण्ठपुर,
जिला-कोरिया (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 5947



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

**शब्द पहेली- 5946 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5957

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल- 5956 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
24x7 Helpline: 91197 88888 | www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
Divisa www.divisastore.com

## तरकश

संजय के दीक्षित

### 25 साल: बिना करप्शन एकमात्र काम

छत्तीसगढ़ में 25 गुना, 30 गुना अधिक दर पर सरकारी खरीदी एपिसोड के बाद सरकार ने अफसरों को टाईट करना शुरू किया है। मगर यह शाश्वत सत्य है कि सरकारी खरीदी या निर्माण कार्य युगों से ऐसी ही होता आ रहा है। सिर्फ एक मौके को छोड़....जब 33 करोड़ का काम 29 करोड़ में हो गया था। बात 2013 की है। रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम में पहला आईपीएल होना था। समय कम था और स्टेडियम का सिर्फ सिविल वर्क हुआ था। सीटिंग अरेंजमेंट से लेकर तमाम काम बचे हुए थे। उस समय सुनिल कुमार चीफ सिकरेट्री थे। तत्कालीन सीएम रमन सिंह ने उन्हें इसकी जिम्मेदारी सौंपी। सुनिल ने तब के स्पोर्ट्स कमिश्नर आईपीएस राजकुमार देवांगन से एस्टीमेट मंगाया। उन्होंने खर्च बताया 65 करोड़। तब तक रायपुर के कुछ सप्लायर माफिया भी एक्टिव हो गए थे। वे 2200 में कुर्सी खरीदने का लगे प्रेशर बनाने। सीएस ने सबसे पहले देवांगन को हटाकर जीतेंद्र शुक्ला को कमिश्नर बनाया। आरपी मंडल पहले से सिकरेट्री स्पोर्ट्स थे। सुनिल कुमार ने दोनों को बुलाकर अपनी मंशा बता दी। कम खर्च में कैसे काम ज्यादा हो जाए, इसके लिए कई दौर की मंथन हुई। सीएस ने कहा कि बिचौलियों से 2200 की कुर्सी खरीदने की बजाए क्यों न मैन्युफैक्चरर्स से बात की जाए। और यही हुआ। मैन्युफैक्चरर से 800 में कुर्सी मिल गई। उपर से कंपनी पर प्रेशर डाल 500 से अधिक कुर्सी ले ली गई कि कही ट्रांसपोर्टिंग में टूट हुई तो कौन क्लेम करने आएगा, उससे अच्छा है कि पहले ही 500 चेयर अधिक दे दो। आईपीएल शुरू होने से हफ्ता भर पहले मंडल और जीतेंद्र न जब सुनिल कुमार को खर्च की रिपोर्ट सौंपी तो पता चला 33 करोड़ की जगह 29 करोड़ में कुर्सी से लेकर सारी गैलरीज बनकर तैयार हो गईं। याने बजट से चार करोड़ कम में काम हो गया। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद 25 साल में निर्माण और सप्लाई का पहला काम होगा, जो बजट से कम में हो गया।

### भावी मंत्रियों को गुड न्यूज!

मुख्यमंत्री जैसे राज्यों के प्रमुखों को भी प्रधानमंत्री से मिलना आसान नहीं होता। वो भी मोदी जैसे पीएम से तो और मुश्किल। तभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को साल में दो-एक बार ही पीएम से मिलने का अवसर मिल पाता है। मगर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय शपथ लेने के बाद डेढ़ साल में पांच बार पीएम मोदी से वन-टू-वन मिल चुके हैं। हर दो-तीन महीने में उनकी पीएम और गृह मंत्री से मुलाकात हो जाती है। जाहिर है, उनके समकक्षों को यह जानने की उत्सुकता होगी कि विष्णुदेव को पीएमओ से टाईम कैसे मिल जाता है...आखिर वो चैनल कौन-सा है? बहरहाल, पिछले छह महीने में जितने बार विष्णुदेव पीएम मोदी और अमित शाह से मिले हैं, हर बार मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हुई है। हर बार लगता है...सीएम ने जरूर इस पर बात की होगी। इस बार भी लोगों को लग रहा कि कुछ होगा। हालांकि, दिल्ली से लौटने पर सीएम ने मीडिया से कहा, इंतजार कीजिए, मगर उनके बॉडी लैंग्वेज से लग रहा था कि इस बार कुछ खास होगा...भावी मंत्रियों को जल्द गुड न्यूज मिल सकता है।

### चीफ सिकरेट्री का गुस्सा

शीर्षक आपको अटपटा लगेगा...सोचेंगे मुख्य सचिव अमिताभ जैन कभी गुस्सा भी करते हैं? मगर बुधवार को रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर 18 गायों की दर्दनाक मौत पर अमिताभ ने कलेक्टर, और एसपी के व्हाट्सएप ग्रुप में जो लिखा, वह हैरान करने वाला था। दो मिनट के भीतर धड़ाधड़ भेजे चार मैसेज से सूबे के कलेक्टर, एसपी हिल गए। कई कलेक्टर, एसपी ऑफिस और घरों से निकलकर शहरों में गायों को देखने चले गए। एक जिले की पुलिस ने घंटे भर के भीतर दो मवेशी मालिकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें, छत्तीसगढ़ की गोठान बनी सड़कें हाई कोर्ट के संज्ञान में है। हर महीने चीफ सिकरेट्री को होई कोर्ट में स्टेट्स रिपोर्ट देनी होती है। बावजूद इसके हफ्ते भर में 90 से अधिक गायों की मौत हो गई, तो सीएस को गुस्सा तो आएगा ही।

### छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य

छत्तीसगढ़ में 95 परसेंट से अधिक हिन्दू हैं। अब हिन्दू धर्म में गायों का क्या स्थान है, इसे बताने की जरूरत नहीं। मगर दुर्भाग्य यह है कि सड़क हादसों में गायें अगर सबसे अधिक जान गंवा रही है तो वह छत्तीसगढ़ है। पिछले एक हफ्ते में चार अलग-अलग दुर्घटनाओं में 90 गायों की मौत हो चुकी हैं। इन गायों को ट्रकों और हाईवा ने बेरहमी से कुचल दिया। यही नहीं, गायों से टकराकर वाहन चालक भी हादसे का शिकार हो रहे हैं...जान गंवा रहे हैं। दरअसल, सूबे में गोवंश को लेकर गांवों से लेकर शहरों तक हालत बेहद खराब है। देश के किसी भी राज्य में आप गो माता के प्रति इतनी निर्दयता नहीं देखेंगे कि दूध देना बंद कर दिया तो उन्हें सड़कों पर अवारा घूमने के लिए छोड़ दिया। राजधानी रायपुर के चकाचौंध वाले इलाकों में भी आपको सड़कें घेर कर बैठी गायें मिल जाएंगी...कवर करके बनाया गया केनाल और वीआईपी रोड तक इससे अछूता नहीं है। जरा सोचिए, बाहर से आने वाले लोग छत्तीसगढ़ की क्या छबि लेकर जाते होंगे। दरअसल, मवेशियों को अवारा छोड़ना छत्तीसगढ़ में यह सामाजिक समस्या बनता जा रहा है। छत्तीसगढ़ का नाम खराब होने से बचाने प्रशासन के साथ हिन्दू संगठनों को भी आगे आना होगा।

### ये तीन उपाय

छत्तीसगढ़ में सिस्टम इतना बेपटरी हो चुका है कि जिस काम में पैसा नहीं, उधर सरकारी मुलाजिमों को देखना गवारा नहीं। अब गायों की रोकथाम करने से क्या मिलने वाला। उपर से कार्रवाई कर दिए तो फिर धरना, प्रदर्शन, घेराव की सियासत झेलो। पिछली सरकार ने गोठान जैसी अच्छी योजना शुरू की थी मगर सही क्रियान्वयन के अभाव में इसने दम तोड़ दिया। सिस्टम अगर वाकई ईमानदारी से इस सामाजिक समस्या का निराकरण चाहता है तो उसे कांजीहाउस की व्यवस्था फिर से दुरूस्त करनी होगी। ढाई-तीन दशक पहले नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस इतना सक्रिया होता था कि लोग अपने मवेशियों को खुला छोड़ने में घबराते थे। दूसरा, जुर्माना के प्रावधान को कड़ा किया जाए, और तीसरा...ग्राम पंचायतों के सचिव जी लोगों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए। जनपद पंचायतों के सीईओ की मॉनिटरिंग में ग्राम पंचायतों के सचिव मवेशियों पर नजर रखें। ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए का बजट आता है, सरपंच, सचिव दिन भर वन टू के फोर...खेल में लगे रहते हैं। लगभग सभी जिलों में वेटनरी की टीम है। उनकी भी एकाउंटबिलिटी बनती है। रही बात शहरी इलाकों की तो कलेक्टरों को रिर्चाज किया जाए...दो-चार बार वे खुद फोटो खिंचकर निगम कमिश्नर और नगरपालिका के सीएमओ को भेज देंगे, उतने में काम हो जाएगा। लेकिन, उसके लिए कलेक्टरों को अवेयर होना पड़ेगा। उसके बाद सड़कों पर न तो गाय मरेंगी, न वाहन चालक हादसों के शिकार होंगे...न कोर्ट का समय खराब होगा।

### मंत्री को एक और डिप्टी कलेक्टर

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के स्टाफ में एक और डिप्टी कलेक्टर दिया है। श्यामबिहारी के पास पहले से राप्रसे अधिकारी हिमांचल साहू विशेष सहायक थे। अब 2021 बैच के राप्रसे अफसर कमल किशोर को उनका ओएसडी बनाया गया है। आमतौर पर मंत्रियों के निजी स्टाफ में एकाध डिप्टी कलेक्टर होते हैं। राप्रसे अधिकारियों को विशेष सहायक बनाने की परंपरा पिछली सरकार में चालू हुई। रमन सरकार में भी सिर्फ बृजमोहन अग्रवाल के पास राप्रसे अधिकारी विशेष सहायक थीं। मगर अब तो सभी मंत्रियों के स्टाफ में राप्रसे अधिकारी हैं तो किसी के पास दो-दो। असल में, छत्तीसगढ़ में डिप्टी कलेक्टरों की स्थिति चना-मुर्रा की तरह हो गई है। इतने छोटे स्टेट में संख्या 500 को क्रॉस कर गया है। 2013 बैच के बाद वालों की तादात इतनी है कि बेचारों को आईएएस अवार्ड भी नहीं हो पाएगा। बहरहाल, मंत्री के स्टाफ में काम करने का अपना अलग आकर्षण होता है। मंत्रियों के पीएस लोगों का जलवा देख ही रहे हैं...कई पीएस मंत्री को चला रहे हैं।

### सीईओ पोस्टिंग का मापदंड

'तरकश' में हमने गरियाबंद और जीपीएम जिले में पीएम आवास योजना की बदहाली का जिक्र किया था। यह भी बताया था कि बालोद में संजय कन्नौजे के कलेक्टर बनकर जाने के बाद तीन महीने से जिला पंचायत सीईओ का पद खाली है। राज्य सरकार ने राप्रसे अधिकारियों के 75 लोगों का लिस्ट निकाला, उसमें गरियाबंद और जीपीएम के सीईओ को हटा दिया, वहीं बालोद में नए सीईओ की तैनाती कर दी। मगर इससे के सिस्टम को चिंतन करना चाहिए कि सिर्फ उपकृत करने के लिए जिला पंचायत जैसे महत्वपूर्ण संस्था में किसी की भी नियुक्ति न कर दें। जाहिर है, सरकार की सारी जमीनी योजनाएं जिला पंचायतों के जरिये संचालित होती है। मध्यप्रदेश के जमाने में जब डीआरडीए होता था, उस समय भी डायरेक्ट आईएएस की पोस्टिंग होती थी। छत्तीसगढ़ में स्थिति यह है कि नायब तहसीलदार से प्रमोट होकर डिप्टी कलेक्टर बने अधिकारियों को जिला पंचायतों का सीईओ बना दिया जा रहा। पोस्टिंग का लेवल इतना गिर जाएगा, कोई सोचा नहीं होगा। गनीमत है, सरकार ने अब इस विसंगति को दूर कर दिया है। मगर पीएम आवास जैसी योजनाओं को बदहाली से बचाने आगे इसे ध्यान रखना होगा।

### ऐसे भी अफसर: 172 करोड़ का MOU

छत्तीसगढ़ की ब्यूरोक्रेसी देश में बदनाम जरूर हो गई है मगर इसका मतलब यह नहीं कि सारे-के-सारे अफसर पथभ्रष्ट हो चुके हैं। आखिर, 25 साल में राज्य ने तरक्की किया है तो उसमें अच्छे अधिकारियों का योगदान रहा। इस समय भी कई ब्यूरोक्रेट्स साइलेंटली ऐसा काम कर रहे, जो पब्लिक डोमेन में नहीं आ रहा। रायपुर से लगे पड़ोसी जिले के एक आईआईटीयन कलेक्टर ने रायपुर में निगम कमिश्नर रहते ऐसी पहल करी कि अगले हफ्ते एक बड़ा एमओयू होने जा रहा है। आईएएस ने नेट पर सर्च कर पता किया कि छत्तीसगढ़ का कौन सा उद्योगपति राज्य के लिए कुछ कर सकता है। देश के टॉप की इंवेस्टमेंट कंपनी मोतीलाल फाउंडेशन के मालिक रामदेव आरंग के रहने वाले हैं। इस समय वे 1.7 बिलियन डॉलर की कंपनी के वे मालिक हैं। आईएएस की पहल पर रामदेव अग्रवाल रायपुर आईआईएम को 101 करोड़ और एनआईटी को 71 करोड़ रुपए देने जा रहे हैं। कुल 172 करोड़। प्रवासी भारतीय सम्मेलन की तरह छत्तीसगढ़ सरकार को रायपुर में एक प्रवासी छत्तीसगढ़ियां का एक सम्मेलन कराना चाहिए। बीएसपी की वजह से भिलाई में पले-बढ़े कई लोग देश-विदेश में बडा काम कर रहे हैं। उन्हें यदि बुलाकर उनके काम को सम्मान दिया जाएगा तो उससे राज्य को काफी लाभ होगा। ब्रांडिंग होगी, सो अलग।

### बाढ़े पूत पिता के धरमे

पुरानी कहावत है, बाढ़े पूत पिता के धरमे...याने पिता के पुण्य का लाभ उसके संतान को मिलता है। मगर वर्तमान दौर में यह कहावत निरर्थक हो चली है। जमाना अब वृद्धाश्रम का आ रहा है। पिता अगर घर में हैं भी तो पुराने सामान की तरह कमरे में उपेक्षित पड़े होते हैं। बेटों का लगता है, वे पिता को साथ रखकर परिवार पर अहसान कर रहे हैं। ऐसे समय में बिलासपुर नगर निगम के एक रिटायर चीफ इंजीनियर द्वारा हाल ही में अपने पिता का 95वें जन्मदिन पर भव्य आयोजन करना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन सकता है। वक्त की जरूरत है कि ऐसे आयोजनों की संख्या बढ़नी चाहिए...पिता की लंबी आयु के चलते अगर बेटों को ऐसा मौका मिलता है, तो उसे इनकैश कर समाज को एक मैसेज देना चाहिए, कम-से-कम इससे कुछ बुजुर्गों को सम्मान तो मिलेगा।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. छत्तीसगढ़ के एक प्रभावशाली मंत्री 30 जुलाई की रात नौ बजे हाई कोर्ट परिसर क्यों पहुंचे थे?
2. आईएएस की ट्रांसफर लिस्ट निकलते-निकलते क्यों और कहां रुक गई?

# यदि किसी संस्था को धारा 12 एए के तहत पंजीकरण प्राप्त है तो आयकर विभाग उसकी दोबारा जांच नहीं कर सकता

## धारा 80 जी के अंतर्गत मिली छूट के मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि यदि किसी संस्था को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12 एए के तहत पंजीकरण प्राप्त है, और वह पंजीकरण वैध है, तो आयकर विभाग उस संस्था की गतिविधियों की प्रामाणिकता या उनके परोपकारी स्वरूप पर दोबारा जांच नहीं कर सकता। खासकर जब बात धारा 80 जी के अंतर्गत छूट अनुमोदन की हो। कोर्ट ने रायपुर आयकर आयुक्त द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण रायपुर पीठ के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें मेसर्स आधारशिला शिक्षण संघ को धारा 80 जी की मंजूरी देने का निर्देश दिया गया था।

याचिका के अनुसार आधारशिला शिक्षण संघ, एक पंजीकृत संस्था, ने 28 फरवरी 2014 को आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के तहत छूट अनुमोदन हेतु आवेदन किया था। इस पर आयकर आयुक्त, रायपुर ने संस्था की गतिविधियों की वास्तविकता की जांच के लिए मूल्यांकन अधिकारी से रिपोर्ट मंगाई। संस्था ने अपनी ऑडिट की गई वित्तीय विवरणियां, मूल दस्तावेज, और अन्य सूचनाएं प्रस्तुत कीं। जिनमें यह बताया गया कि संस्था व्यावसायिक शिक्षा देती है और नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों के लिए हॉस्टल संचालित करती है। हालांकि, 8 अगस्त 2014 की रिपोर्ट में आयुक्त-1(1), रायपुर ने यह कहा कि संस्था की गतिविधियां व्यावसायिक हैं क्योंकि वह फीस लेती है और सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी से भी धन प्राप्त करती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि संस्था ने अपने भवन वाणिज्यिक किराए पर दिए हैं और अधोसंरचना हेतु बड़े ऋण भी लिए हैं। इन तथ्यों के आधार पर, आयकर आयुक्त ने 25 अगस्त 2014 को 80 जी अनुमोदन का आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि संस्था परोपकारी नहीं बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न है।

### पहले पंजीकरण मिल चुका और रद्द नहीं हुआ

आदेश से असंतुष्ट होकर संस्था ने रायपुर पीठ के समक्ष आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर की। 15 जनवरी 2019 को पारित आदेश में संस्था की अपील स्वीकार कर ली और न्यायाधिकरण ने कहा कि जब संस्था को पहले ही धारा 12AA के तहत पंजीकरण मिल चुका है और वह रद्द नहीं हुआ है, तो आयकर आयुक्त को धारा 80 जी के तहत छूट देने से इनकार करने का अधिकार नहीं है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने स्पष्ट कहा कि "जब आयकर आयुक्त ने धारा 12AA के तहत पंजीकरण प्रदान किया है और ट्रस्ट की गतिविधियों की वास्तविकता की जांच की है, तथा पंजीकरण रद्द नहीं किया गया है, तो यह उचित नहीं है कि आयकर आयुक्त यह कहकर धारा 80 जी की छूट अस्वीकार कर दे कि ट्रस्ट की गतिविधियां वास्तविक नहीं हैं।

# प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने की सशर्त छूट

**बिलासपुर।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने की सशर्त छूट दे दी है। कोर्ट ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों को सीबीएसई द्वारा जारी अधिसूचना 12 अगस्त 2024 के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। उल्लंघन पाए जाने पर राज्य सरकार को कार्रवाई का अधिकार कोर्ट ने दिया है।

दरअसल रायपुर, बिलासपुर सहित 11 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों ने आदेश जारी कर सभी सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों और गैर-सहायता प्राप्त गैर-सरकारी/निजी विद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के पाठ्यक्रम में केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी प्रकाशन की पुस्तकों का ही उपयोग सुनिश्चित करने कहा था। ऐसा नहीं करने पर ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई थी।

### निजी स्कूल सीबीएसई से संबद्ध

इस आदेश के खिलाफ छत्तीसगढ़ निजी स्कूल प्रबंधन संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने शिक्षा अधिकारियों द्वारा जारी आदेश को अवैध, अनुचित और कानून की दृष्टि से अप्रभावी बताते हुए रद्द करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि निजी प्रकाशन की पाठ्यपुस्तकों और अन्य अध्ययन सामग्री की खरीद के लिए अनुचित प्रतिबंध नहीं लगाने का आदेश दिया जाए। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का स्कूल सीबीएसई से संबद्ध है और छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड से संबद्ध नहीं है। याचिकाकर्ता-एसोसिएशन सीबीएसई द्वारा 12 अगस्त 2024 की अधिसूचना के अनुसार जारी दिशा-निर्देशों/दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। कोर्ट ने रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें खरीदने की शर्त सही नहीं है और निजी स्कूल बाजार से निजी प्रकाशन की पाठ्यपुस्तकें अन्य अध्ययन सामग्री शर्तों के साथ उपयोग कर सकते हैं।

# नोटबुक की जगह रफकॉपी में लिखने पर टीचर ने बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के एक मिशनरी स्कूल में छात्राओं के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। स्कूल में केमिस्ट्री की शिक्षिका ने बच्चियों को सिर्फ इस लिए डंडे से पीट दिया क्यों कि वे अपने कक्षा में नोटबुक की जगह रफ कॉपी में लिख रही थी। इस मारपीट से एक छात्र के हाथ में सूजन आ गया है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रबंधन अब इस मामले में छात्रा और उनके परिजन से माफी मांगने की बात कह रहा है।

बताया जा रहा है कि शहर के नवापारा में संचालित सेंट जोन्स हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11वीं में पढने वाली छात्राएं 31 जुलाई को कक्षा में बैठकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान छात्रा ने पढाई के दौरान नोटबुक के स्थान पर रफ कॉपी में लिखना शुरू कर दिया। जब शिक्षिका निर्मला ने यह देखा तो वे भड़क गई। आरोप है कि शिक्षिका ने छात्रा को खड़े करके डंडे से उसकी बेदम पिटाई कर दी। इतना ही नहीं शिक्षिका ने कक्षा में 15 से अधिक बच्चों की पिटाई की





गई। मारपीट से बच्ची के हाथ में सूजन आ गया। घर जाने के बाद बच्ची ने मामले की जानकारी अपने परिजन को देते हुए स्कूल नहीं जाने की बात कही। जब परिजन ने बच्ची की जांच की तो उसके हाथ में सूजन था। ऐसे में परिजन ने मामले की शिकायत 1 अगस्त को चाइल्ड लाइन और जिला शिक्षा अधिकारी से की है। शिकायत के बाद शनिवार को चाइल्ड लाइन की टीम भी बच्ची से मिलने गई थी और उसका बयान भी लिया गया है।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कॉलोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी.लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

T3 Team, Trust, Technology
Retina Department
• OCT एंजियोग्राफी (बिना इंजेक्शन के भी)
• रेटिना इंजेक्शन (Anti-VEGF)
• लेज़र उपचार
• रेटिना सर्जरी
जब नज़रों के पीछे की दुनिया धुंधली हो जाए तो भरोसा करें Advanced Retina Care Solutions पर सिर्फ
Shri Ganesh Vinayak Eye Hospital में
OCT Angiography से सटीक जांच & Specialist Surgeons द्वारा सुरक्षित सर्जरी
डॉ. जयेश पाटिल M.S. RETINA CONSULTANT (SANKARA NETHRALAYA, CHENNAI)
डॉ. शुभांक खरे MBBS, MS, FVRS Retina & Uvea Consultant ARAVIND EYE HOSPITAL (COIMBATORE)
अब फिर दिखेगा ज़िंदगी का हर रंग, हर रौशनी।
कलर्स मॉल के पास, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
www.sgveh.com 9644902896

### अधीक्षिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

रामानुजगंज। नगर के वार्ड क्रमांक 3 रिंग रोड स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा ने आज सुबह दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी विद्यालय के अन्य स्टाफ को लगी तो तत्काल दरवाजा को धक्का देकर फांसी से उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय के कन्या छात्रावास की अधीक्षिका नेहा वर्मा आ. संजय कुमार (25 वर्ष) पटना बिहार की रहने वाली थी। वह पिछले वर्ष 27 जून को कन्या छात्रावास अधीक्षका के रूप में पदभार ग्रहण किया था। एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य राजू सिंह ने बताया कि नेहा व्यवहार कुशल एवं अपने कर्तव्य के प्रति कर्मठ कर्मचारी थी। कल रात तक उसने अपना ड्यूटी का निर्वहन किया आज सुबह 10.30 बजे के करीब विद्यालय के अन्य स्टाफ से मुझे आत्महत्या कर लेने की जानकारी मिली जिसके बाद इसकी सूचना थाने में दी गई।

ओम हॉस्पिटल
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक विभाग
•हर्निया • चर्बी की गांठ • फिस्टुला
•अपेंडिक्स गठान स्तन में बनने वाली गांठ
•दूरबीन से होने वाली समस्त सर्जरी
•पेट से संबंधित समस्त सर्जरी • पाइल्स
•लेजर द्वारा बवासीर का ईलाज
•दूरबीन से हर्निया व गॉल ब्लेडर सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से प्री में ईलाज
मो. 8370008551
मो. 9302734809
मो.8370008558
जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

मित्तल हॉस्पिटल रायपुर - भिलाई
कैंसर संबंधित सम्पूर्ण उपचार
आधुनिक मशीनों के द्वारा रेडिएशन थेरेपी (कैंसर सिंकाई) की सुविधा उपलब्ध
VARIAN HALCYON VARIAN UNIQUE
आयुष्मान एवं BSKY-BIJU कार्ड से निःशुल्क रेडियेशन, कीमोथेरेपी एवं रहने की व्यवस्था
• रेडियो थैरेपी • कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी • मेडिकल एवं हिमेटो ऑन्कोलॉजी
रायपुर अवंति बाई चौक, पंडरी 9343079151, 91313 99570
भिलाई टी.आई. मॉल के पास 7722880844, 0788-2294440
Deepak Ad./101

BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
मध्यभारत का अत्याधुनिक व विश्वसनीय कैंसर हॉस्पिटल
NABH व NABL से मान्यता प्राप्त
• सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
• पैट, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
• अत्याधुनिक टू-बीम लिनक एवं हैल्सीऑन मशीन द्वारा रेडिएशन थेरेपी व ब्रैकिथेरेपी की सुविधा
• कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, इम्युनोथेरेपी
• रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियाँ एवं बोन मेरो ट्रांसप्लांट
• आधुनिक रेडियोलॉजी, लेबोरेटरी एवं ब्लड सेंटर
आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क ईलाज एवं सभी PSUs व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित
सिटी सेंटर - बीएमसी कैंसर डेकेयर- कलर्स मॉल के बाजू, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 9201966330
मेन हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ.ग. 8282823333/4444

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
डॉ. विकास गोयल MD, DM, Hematology & Hemato-Oncology
डॉ. अनिकेत ठोके MD, DNB, Chemotherapy Specialist
बोन मैरो ट्रांसप्लांट, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, व पैलिएटिव केयर हेतु कुशल टीम
डॉ. सिद्धार्थ तुरकर MD, DM, Medical Oncology
डॉ. अविनाश तिवारी MD, Pain and Palliative Medicine Specialist
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 0771 4081010

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com